आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 140- ● जबलपुर ● मंगलवार, 21 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## महाराष्ट्र में सियासी भूचाल
## ठाकरे सरकार संकट में

### करीबी मंत्री एकनाथ शिंदे 25 विधायकों के साथ गुजरात पहुंचे



**मुंबई एजेंसी।** महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार पर संकट गहरा गया है। राज्य के कद्दावर मंत्री एकनाथ शिंदे 25 विधायकों के साथ गुजरात चले गए हैं। इनमें शिवसेना के 15 विधायक शामिल हैं, जबकि निर्दलीय और छोटी पार्टियों के 10 विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक शिवसेना में लगातार हो रही उपेक्षा से शिंदे नाराज हैं। वे सोमवार शाम से ही मुख्यमंत्री उद्धव का फोन भी नहीं उठा रहे हैं। हालांकि, संजय राउत ने दावा किया है कि शिंदे से संपर्क हो गया है। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही महाराष्ट्र सरकार में हलचलें तेज हो गईं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।कल शाम से ही शिंदे उद्धव का फोन भी नहीं उठा रहे हैं। 288 विधानसभा वाली महाराष्ट्र सरकार में उद्धव सरकार को 8 निर्दलीय विधायकों समेत 169 विधायकों का समर्थन प्राप्त है।उल्लेखनीय है किराज्यसभा चुनाव के बाद विधान परिषद चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना और कांग्रेस गठबंधन को झटका दिया है। पर्याप्त वोटों की कमी के बावजूद भगवा पार्टी ने 10 में से 5 सीटें अपनी झोली में डाल ली है। इस नतीजे ने तो मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की चिंता बढ़ा ही दी है। अब खबरें आ रही हैं कि कल देर शाम हुए चुनाव के बाद से महाराष्ट्र के शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे और 13 अन्य विधायकों से शिवसेना का संपर्क नहीं हो रहा है। खबर यह भी आ रही है कि शिवसेना के यह सभी विधायक गुजरात के सूरत में डेरा जमा लिए हैं।

कहा जा रहा है कि शिंदे भाजपा नेतृत्व के संपर्क में है। मराठी मीडिया चैनलों की रिपोर्टों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि एकनाथ पार्टी के कामकाज से खुश नहीं थे। नतीजे आने के बाद बीती रात सभी विधायक सीएम उद्धव ठाकरे के आवास च्वर्षाज् में मिले। इस बैठक से एकनाथ शिंदे और 13 अन्य विधायक गायब थे। एबीपी लाइव मराठी की रिपोर्ट के मुताबिक, एकनाथ शिंदे गुजरात में हो सकते हैं। सूत्रों का दावा है कि शिंदे 3 विधायक जय राठोड, संजय बांगर और दादा भुसे कुल को अपना दूत बनाकर मातोश्री भेजेंगे। ये विधायक एनसीपी और कांग्रेस से गठबंधन तोड़ भाजपा से मिलकर सरकार बनाने की मांग रख सकते हैं। मुंबई में उठे सियासी तूफान के बीच दिल्ली में हलचल तेज हो चली। गृह मंत्री अमित शाह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पहुंचे। बात क्या हुई पता नहीं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई से दिल्ली रवाना हो गए हैं। कहा ये जा रहा है कि शिंदे विधायकों के साथ कुछ देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। 31 महीने पहले महाराष्ट्र में जब उद्धव ठाकरे ने सरकार बनाई थी। तब शिवसेना-हृष्टक्क गठबंधन के पास 153 विधायक थे और भाजपा के पास 106 विधायक। विधानसभा 288 विधायकों की है। यानी सरकार के लिए 144 विधायक चाहिए। मौजूदा हालात में शिवसेना-NCP और कांग्रेस के पास 153 विधायक बचते हैं।

### भाजपा से मिलकर सरकार बनाने की मांग रखते है शिंदे

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। इसी बीच महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं ने मुंबई में बालासाहेब थोराट के आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण भी मौजूद रहे।

### कोई सियासी भूकंप नहीं आने वाला : राउत

शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि मैंने सुना है कि हमारे विधायक गुजरात राज्य के सूरत में हैं और उन्हें जाने नहीं दिया जा रहा है लेकिन, वे निश्चित रूप से लौटेंगे क्योंकि ये सभी शिवसेना को समर्पित हैं।

### श्री गुरु चरण सरोज रज...



**जबलपुर,यशभारत।** द्वीपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के उत्तराधिकारी दंडी स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज आज शताब्दीपुरम स्थित यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के निज निवास अरुणोदय पहुंचे। जहां आशीष शुक्ला व डॉ रश्मि शुक्ला ने महाराजश्री का पादुका पूजन किया। महाराज श्री ने आशीष शुक्ला के जन्म दिन पर शुभाशीष प्रदान किया। इस मौके पर डॉ अभिजात त्रिपाठी, पं. लोकेश व्यास आदि मौजूद रहे।

### आचार्य श्री विशुद्ध सागर का आशीष



संजीवनी नगर गढ़ा में 18 जून से चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ में आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला को जन्म दिन पर उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी सतेन्द्र जैन मौजूद रहे।



### मैसूर पैलेस से पीएम मोदी का संदेश

## योग पार्ट ऑफ लाइफ नहीं अब वे ऑफ लाइफ

**मैसूर , एजेंसी।** देश-दुनिया में 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने यहां 15,000 लोगों के साथ योग किया। यहां पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है, #YogaForHumanity. मैं इस थीम के जरिए योग के इस संदेश को पूरी मानवता तक पहुंचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र का और सभी देशों का हृदय से धन्यवाद करता हूं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमने इस बार "Guardian Ring of Yoga" का ऐसा ही अभिनव प्रयोग विश्व भर में हो रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों में सूर्योदय के साथ, सूर्य की गति के साथ, लोग योग कर रहे। योग की ये अनादि यात्रा अनंत भविष्य की दिशा में ऐसे ही चलती रहेगी। हम सर्वे भवंतु सुखिन :, सर्वे सन्तु निरामया के भाव के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से भी गति देंगे।




### मुख्यमंत्री शिवराज ने विद्यार्थियों संग किया योगाभ्यास

## मप्र में योग आयोग बनाने की घोषणा

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर ही विद्यार्थियों के संग योगाभ्यास किया । इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि मध्यप्रदेश में योग आयोग बनेगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली है, जल्द ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। साथ ही स्कूलों में भी योग की शिक्षा दी जाएगी। इससे बच्चों को लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोज अपने लिए 45 मिनट का समय निकालें। योग का मतलब शरीर का व्यायाम नहीं है, बल्कि मन, बुद्धि, तन आदि का शुद्धिकरण है। प्रणायाम से अपनी सांस पर नियंत्रण कर सकते हैं और शरीर को अपने अनुकूल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल कोविड हुआ, लेकिन योग व प्रणायाम से इसपर नियंत्रण पाया गया। मैं भी कोविड संक्रमित हुआ, लेकिन योग से उस पर जल्द नियंत्रण पाया । मेरा आक्सीजन लेवल भी सामान्य रहा। योग के कारण ही कोविड आया और छूकर चला गया। फेफड़ों तक कोविड पहुंचा ही नहीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दूसरी लहर आई तो हमने तय किया कि आइसोलेशन वाले मरीजों को आनलाइन योग करवाया जाए। इससे कई लोग घर में स्वस्थ हो गए। इसका फायदा भी मिला। कई कोविड के मरीज काढ़ा से ठीक हुए। उसमें गिलोय आदि कई जड़ी-बूटियां होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा रहा और लोग स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि पांच चीजें करें। कुछ चुने हुए आसन करें। प्रणायाम करें।, स्नान कर ध्यान करें। प्रार्थना जरूर करें। मैं भी एक बार अपना नाता परमात्मा से जोड़ता हूं, क्योंकि वह पावर बैंक है। मैं यही मांगता हूं कि आज के दिन को सफल बनाएं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को योग के महत्व और जीवन में सकारात्मक परिणामों के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ योग किया।शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान अपने साथ हुए एक हादसे का जिक्र भी किया। सीएम ने बताया कि साल 1998 में मेरा एक भयानक एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद मुझे नहीं लगता था कि मैं फिर से चल-फिर भी सकूंगा।



### स्कूलों में दी जाएगी योग की शिक्षा

## MPPSC परीक्षा में कश्मीर पर विवादस्पद प्रश्न पूछने पर गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा नाराज

### पीएसी चेयरमेन से सख्त कार्यवाही करने कहा

**भोपाल,यशभारत ।** एम पी पीएससी की परीक्षा में कश्मीर से सम्बंधित विवादित प्रश्न पूछने पर गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने सख्त नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पीएसी चेयरमेन से चर्चा कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने को कहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रह मंत्री डॉ मिश्रा ने एमपी पीएससी के चेयरमेन राजेश मेहरा से चर्चा कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। चेयरमेन श्री मेहरा ने बताया कि इसके लिए दोषी दो प्रोफेसरों को डी बार कर दिया गया है भविष्य में इस तरह के कार्यो के लिए यह दोनों ब्लैक लिस्ट रहेंगे ।गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा कि दोनों प्रोफेसरों के डी बार करने की सूचना पूरे देश के शिक्षा संस्थानों को भी दी जाय जिससे वह भी इन प्रोफेसरों की सेवाए नही ले । गृह मंत्री ने श्री मेहरा से इस मामले को लेकर उच्च शिक्षा विभाग को भी पत्र भेजने को कहा है ताकि दोषियों पर विभागीय कार्यवाही भी की जा सके। गृह मंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में पूछा गया प्रश्न आपत्तिजनक है इस संबंध में दोषियों पर कार्यवाही की गई है। उच्च शिक्षा विभाग भी कार्यवाही कर सके इसके लिए पीएससी चेयरमेन विभाग को पत्र भी लिखेंगे ।बता दे कि एमपी पीएससी की परीक्षा में विवादित प्रश्न पूछा गया था कि क्या भारत को कश्मीर पाकिस्तान को देने का निर्णय करना चाहिए?



## सोपोर एनकाउंटर में एक आतंकी ढेर, ऑपरेशन अब भी जारी

श्री नगर,एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के सोपोर इलाके में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। आतंकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है। कश्मीर के इंस्पेक्टर जनरल विजय कुमार ने बताया था कि रविवार और सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ एनकाउंटर में तीन पाकिस्तानियों समेत 7 आतंकी मारे गए हैं। रविवार को कुपवाड़ा में शुरू हुए एनकाउंटर में पाकिस्तान से लश्करे-तैयबा के दो आतंकी मारे गए थे।

## राहुल गांधी से पूछताछ शुरू पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ऑफिस में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से पूछताछ शुरू हो गई है। इससे पहले सोमवार को राहुल से करीब 12 घंटे पूछताछ की गई। वह देर रात करीब 12 बजे श्वष्ठ ऑफिस से बाहर निकले थे। इसी मामले में श्वष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से 23 जून को सवाल करेगी। राहुल से श्वष्ठ की टीम पिछले हफ्ते सोमवार से बुधवार तक लगातार 3 दिन में 30 घंटे और सोमवार को 12 घंटे पूछताछ कर चुकी है। यानी 4 दिनों में राहुल से करीब 42 घंटे पूछताछ की जा चुकी है। कांग्रेस नेताओं को उम्मीद थी कि सोमवार को पूछताछ खत्म हो जाएगी, लेकिन मंगलवार को फिर राहुल को समन करने के बाद पार्टी नेताओं ने फिर से प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। पार्टी ने मंगलवार को अपने सभी सांसद-विधायकों को दिल्ली बुलाया है। ऐसे में दिल्ली में हंगामेदार प्रदर्शन के आसार थे, लेकिन महाराष्ट्र में उद्धव सरकार के 25 विधायकों की बाड़ेबंदी से प्रदर्शन को लेकर स्थिति अब साफ नहीं है।कांग्रेस के कार्यालय पर पार्टी नेता विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।





## हिंदू महिला के गर्भ में छोड़ा नवजात का कटा सिर

### पाकिस्तान में हैरतअंगेज वारदात

**कराची ,एजेंसी।** पाकिस्तान में एक सरकारी अस्पताल के स्टाफ की घोर लापरवाही सामने आई है। सिंध प्रांत में एक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने एक नवजात शिशु का सिर काटकर मां के गर्भ में छोड़ दिया। इस वजह से महिला की जान खतरे में पड़ गई। पीड़ित महिला हिंदू धर्म से ताल्लुक रखती है। इसकी उम्र 32 वर्ष है। इस दुखद घटना के मीडिया में आने के बाद सिंध सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही मामले की तह तक जाने और दोषियों का पता लगाने के लिए एक चिकित्सा जांच बोर्ड बनाया है। प्रोफेसर राहील सिकंदर ने कहा कि यह हिंदू महिला थारपारकर जिले के एक दूर-दराज के गांव की रहने वाली है। वह इलाज के लिए अपने क्षेत्र में एक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र (आरएचसी) गई थी, लेकिन वहां कोई महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी सर्जरी अनुभवहीन कर्मचारियों ने कर दी जिस वजह से उसकी जान पर बन आई। उन्होंने कहा कि आरएचसी के कर्मचारियों ने रविवार को हुई सर्जरी के दौरान मां के गर्भ में पल रहे नवजात शिशु का सिर काट दिया और उसके अंदर छोड़ दिया। इसके बाद महिला की तबियत बिगड़ती जली गई। जब महिला की मरने जैसी हालात हो गई तो उसको मीठी के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां भी उसके इलाज के लिए कोई सुविधा नहीं थी। आखिरकार, उसका परिवार उसे एलयूएमएचएस ले आया, जहां नवजात शिशु के बाकी शरीर को मां के गर्भ से निकाल लिया गया, जिससे उसकी जान बच गई।

### भाजपा संसदीय बोर्ड की आज होगी बैठक

## पार्टी चुन सकती है राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने की 25 तारीख को देश को नया राष्ट्रपति मिलेगा। नामांकन प्रक्रिया चल रही है। 29 जून को पर्चा भरने की आखिरी तारीख है। इस बीच सरकार और विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति प्रत्याशियों के नामों पर मंथन शुरू हो चुका है। राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार को लेकर विपक्ष की तरफ से तो कई नामों की चर्चा हो रही है, लेकिन किसी नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। विपक्ष की ओर से कई नेता राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने से साफ तौर पर इनकार कर चुके हैं, जबकि सत्ता पक्ष ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। भारतीय जनता पार्टी की आज संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। इस बैठक में राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार के नाम पर पार्टी मंथन करेगी। पीएम नरेंद्र मोदी भी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं। भाजपा ने इस चुनाव को लेकर 14 लोगों की टीम का गठन किया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित कई अन्य मंत्री, भाजपा के तीन महासचिव और कुछ अन्य नेता इसके सदस्य हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस टीम के साथ रविवार को राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चर्चा की थी।भाजपा संसदीय बोर्ड की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार का नाम तय होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा से बात करेंगे और उनका समर्थन मांगेगे। सूत्रों के अनुसार 26 या 27 जून को भाजपा प्रत्याशी के नाम को संसदीय बोर्ड से मंजूरी दी जा सकती है। नाम तय होने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहयोगी दलों को सूचित करेंगे। NDA बहुमत के आंकड़े से बेहद करीब है। उसे बीजेडी के नवीन पटनायक और वायएसआरसी के जगनमोहन रेड्डी के समर्थन की जरूरत है।




### सोनिया और मनमोहन से बात करेंगे पीएम मोदी

### यशवंत सिन्हा विपक्ष की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार हो सकते हैं

पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा देने की इच्छा जताई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि विपक्ष की तरफ से उन्हें राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया जा सकता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट कर उन्होंने कहा, ममता जी ने TMC में मुझे जो सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाई, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। अब समय आ गया है कि मैं एक बड़े उद्देश्य के लिए पार्टी से अलग हो जाऊं ताकि विपक्ष को एकजुट करने के लिए काम कर सकूं। मुझे उम्मीद है कि ममता जी मेरे इस कदम को स्वीकार करेंगी।











# अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आज हुए विविध आयोजन

# योग स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण

**जबलपुर,यश भारत।** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज शहर में विभिन्न संगठनों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों में योग प्रशिक्षकों के द्वारा नाक की केवल योग क्रियाएं कराई बल्कि योग को स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया आज संपूर्ण जगत योग की महत्ता को समझते हुए उसे अपने जीवन में अपना आ रहा है । योग दिवस पर सुबह से आग्रह किया गया है कि वह अपने व्यस्त समय मैं से समय निकालकर योग अवश्य करें और अपने जीवन को मस्त बनाएं। योग दिवस पर आज सुबह पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । योग फॉर ह्यूमेनिटी की थीम पर आयोजित योग के इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के सीधा प्रसारण से हुई । कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ भी शामिल हुये और योगभ्यास किया । संयुक्त संचालक शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य, पी टी ए अध्यक्ष , महासचिव मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, सह सचिव डिस्ट्रिक्ट योगासन एसोसिएशन, पतंजलि योग संस्थान के योग गुरु उपस्थित हुए । उत्कृष्ट विद्यालय में मुख्य सभागार एवं इनडोर हॉल में योगाभ्यास निर्देशानुसार किया गया । इनडोर हॉल में एनसीसी के 225 केडिट्स के साथ उनके ए. एन. ओ. एवं लेफ्टिनेंट कमांडर ने भी योगाभ्यास किया । इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने भी योगाभ्यास किया । कार्यक्रम के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त सम्मानीय जनों का आभार प्रदर्शन किया गया । जिले का मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक मदन महल किला पर आयोजित किया गया । इसके साथ ही भेड़ाघाट के पंचवटी और चौसठ योगिनी मंदिर में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये ।

## ओएफके में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड वेस्टलैंड योगा पार्क में निर्माणी के महाप्रबंधक एस.के.सिन्हा की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का कार्यक्रम आयोजित हुआ।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सिन्हा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि खमरिया में नियमित रूप से वर्ष 2017 से आज तक योग की नियमित क्लास लगती आ रही हैं जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है।स्वस्थ नागरिक ही देश का निर्माण करते हैं । हमें गर्व है कि हम अपने कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के लिए ईस्टलैंड एवं वेस्टलैंड में नियमित रूप से योग की क्लासेस का संचालन कर रहे हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक के द्वारा योगाचार्य ख्यालीराम रघुवंशी को सम्मानित करते हुए उनका आभार जताया। इस अवसर पर नियमित रूप से योग करने वाले होनहार बच्चों का सम्मान भी महाप्रबंधक श्री सिन्हा के द्वारा किया गया ,कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार उप महाप्रबंधक दिनेश कुमार प्रशासनिक अधिकारी एन.डी.तिवारी एवं जे.पी.मीणा सहित बड़ी संख्या में निर्माणी के कर्मचारी उनके परिजन योग प्रेमी एवं यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में आयोजन

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन श्री जानकीरमण महाविद्यालय में किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रसारित संदेश के श्रवण पश्चात महाविद्यालयीन शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने योग अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक डॉ. कौशल दुबे एवं योगाचार्य श्री नारायण प्रसाद केवट जी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी शासी निकाय अध्यक्ष शरद चंद पालन जी, डॉ. आनंद सिंह राणा, डॉ. सतीश मंडलोई डॉ. गंगाधर त्रिपाठी सहित समस्त महाविद्यालय सदस्य एवं छात्र छात्राओं ने विभिन्न योग क्रियाओं में भागीदारी कर विश्व योग दिवस मनाया गया।



# अनुभव, विवेक, पुण्य और पुरुषार्थ दिलाते हैं जीवन में सफलता

**जबलपुर,** । संजीवनी नगर गढ़ा में 18 जून से चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को भगवान आदिनाथ का जन्म हुआ। बैंड बाजे,रथ, हाथी, घोड़ों के साथ धूमधाम से भगवान आदिनाथ की जन्माभिषेक शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रावक उपस्थित रहे। मंगलवार को पंचकल्याणक महोत्सव में भगवान आदिनाथ की मुनि दीक्षा होगी। पंचकल्याणक महोत्सव में सोमवार को सुबह मंगलाष्टक, दिग्बंधन, रक्षामंत्र, शांतिमंत्र, अभिषेक, शांतिधारा पूजन, जन्मकल्याणक पूजन व हवन हुए। भगवान आदिनाथ का जन्म हुआ। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। ऐरावत हाथी पर आरूढ़ होकर सौधर्म-शचि तीर्थंकर बालक को लेकर समस्त इन्द्रों के साथ सुमेरु पर्वत स्थित पांडुक शिला पर पहुंचे। जहां भगवान आदिनाथ का जन्माभिषेक किया।पांडुक शिला पर 1008 कलशों द्वारा तीर्थंकर बालक का अभिषेक व श्रृंगार किया गया। बैंड, बाजे, रथ, हाथी, घोड़ों के साथ श्रावक शोभायात्रा में भावविभोर होकर थिरक थे। बड़ी संख्या में श्रावकों ने भगवान आदिनाथ का अभिषेक किया। दोपहर को आदिनाथ भगवान को सुंदर वस्त्र-आभूषणों से अलंकृत किया गया। पूजन व मंगल आरती के बाद जन्मकल्याणक के विधान पूरे किए गए। शाम को बालक आदिनाथ को पालने में झुलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थीं। इसके बाद बालक आदिनाथ की बालक्रीड़ायें हुईं।मंगलवार को पंचकल्याणक महोत्सव में भगवान आदिनाथ की मुनिदीक्षा होगी।

**धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विशुद्ध सागर ने कहा कि विवेकी मानव ही धार्मिक हो सकता है।**

# पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का दावा , देशहित में अग्निपथ

**जबलपुर यशभारत।** रक्षा मंत्री द्वारा सेना में अग्नि पथ योजना के तहत अग्नि वीर भर्ती को जायज ठहराते हुए इसे देश हित में होने का दावा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने दावा किया है। भारतवर्ष के अन्दर सीमा की रक्षा करते हुए तथा आन्तरिक शांति स्थापित करने के दौरान शहीद हुए सैनिकों एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात् प्रारम्भ हुई पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ (भाजपा) की बैठक में उत्ताशय का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा अग्निपथ योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई तथा इसे नौजवानों के उज्जवल भविष्य तथा देश को एक सशक्त एवं अनुशासित नागरिक प्रदान करने की दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक अच्छा कदम बताया गया। इस योजना के अन्तर्गत गृह



मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सभी अर्द्धसैनिक बलों की भर्ती में अग्निपथ वीरों के लिए 10 प्रतिशत किये गये आरक्षण का भी समर्थन किया गया। बैठक में इस योजना को और अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रकोष्ठ द्वारा उचित माध्यम से भारत सरकार के विचारार्थ प्रेषित किया जायेगा। पूर्व सैनिकों ने सभी नोजवानों से इस योजना का लाभ उठाते हुए चल, जल एवं वायु सेना में भविष्य मनाने की अपील की। इस अवसर पर देश के विभिन्न शहरों में योजना के विरोध में हुई हिंसा एवं आगजनी करते हुए सरकारी एवं निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के कृत्य की भर्त्सना की गई तथा नौजवानों से अपील की गई, कि वे संविधान और कानून के दायरे में रहकर सरकार के समक्ष अपना पक्ष रखें। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष जी. एस. ठाकुर विधायक अशोक रोहाणी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेन्द्र सिंह के साथ बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे ।

# कल साफ हो जाएगा ,कौन बचेगा मैदान में

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम चुनाव को लेकर चुनाव मैदान में उतरी प्रत्याशी और उनके समर्थक धीरे -धीरे सक्रीय होते जा रहे हैं भले ही अभी हाल में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान शहर की बार दोस्ती पार्षद पद हेतु बड़ी संख्या में कांग्रेस भाजपा आम आदमी पार्टी शिवसेना जैसी राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए किए हैं इसके अलावा निर्दलीय बागी उम्मीदवार भी नामांकन दाखिल करने में पीछे नहीं रहे यदि केवल महापौर पद के दावेदारों की बात की जाए तो कुल 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमे जिसमें से एक महापौर पद के प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के बाद अब 15 प्रत्याशी शेष रह गए हैं अब देखना यह है कि कल 22 जून को नाम वापसी के बाद महापौर और पार्षद पद के कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में बाकी रह जाते हैं । कांग्रेस भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ बिसात बिछाने में जुट-जुट गए हैं हालांकि अभी उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान तो धीमा है और चुनाव कार्यालयों के उद्घाटन का सिलसिला जरूर शुरू हो गया है जहां राजनीतिक दलों के बड़े नेता अपने समर्थकों के साथ इन कार्यक्रमों में पहुंच कर ना केवल अपने प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं वही चुनावी रणनीति को लेकर भी मंथन जारी है ऐसी संभावनाएं बलवती हो रही है कि कल 22 जून को नाम वापसी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक गली गली और मोहल्लों में पहुंच कर मतदाताओं से रूबरू होकर माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए ढोल धमाकों के साथ निकल पड़ेंगे।




# अंजान जगहों पर कैसे जायेंगे प्रशिक्षण / चुनाव कराने

## व्हीकल और जीसीएफ प्रबंधन ने कलेक्टर को लिखा वाहन व्यवस्था हेतु पत्र

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर में होने जा रहे ग्रामीण और नगरीय निकायों के चुनाव में प्रदेश कर्मचारियों के साथ नगर की आयुध निर्माणियों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के साथ अपने साधन से संबंधित निकायों में प्रशिक्षण और चुनाव कराने के लिए नियुक्त अधिकारियों को अपने साधन से ड्यूटी वाले स्थानों में जाने के निर्देश दिए हैं।एक ओर संबंधित संस्थानों के अधिकारियों ने जहां इसका विरोध किया है वहीं व्हीएफजे और जीसीएफ प्रबंधन ने कलेक्टर/निर्वाचन अधिकारी को अधिकारिक पत्र भेज कर संबंधित अधिकारियों के लिए उन स्थानों पर पंहुचने के लिए वाहन व्यवस्था के लिए कहा है। ताकि वे अपने दायित्व निभा सकें। मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा संस्थानों के अधिकारियों को पहली बार निकाय चुनावों में तैनात किया है।इसके पूर्व विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ड्यूटी लगाई जाती रही ।लेकिन निर्माणी अधिकारियों को प्रशिक्षण और चुनाव संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट से वाहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती रही।इस संबंध में व्हीएफजे प्रबंधन और जीसीएफ प्रबंधन ने पूर्व का हवाला देने के साथ कहा है कि इन संस्थानों में मध्यप्रदेश के बाहर के अधिकारी तैनात हैं जो जबलपुर के भूगोल से परिचित नहीं है।ऐसे में वे दूर दराज के अपरिचित क्षेत्रों में जाने में असमर्थ होंगे जिससे चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में बहुत समस्याएं आयेंगी।लिहाजा उनके लिए निर्वाचन अधिकारी वाहन की व्यवस्था करें ताकि अपने दायित्वों का निर्वहन सुरक्षा निर्माणी के तैनात अधिकारी कर सकें। दूसरी ओर व्हीएफजे खमरिया और जीसीएफ के राजपत्रित अधिकारी संघ ने अपने प्रबंधन के साथ कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि स्थानीय निकायों के चुनाव की जिम्मेदारी राज्य सरकार के अधिकारियों की है न कि केंद्र सरकार के अधिकारियों की है।वैधानिक और व्यवहारिक कारणों से उन्हें चुनाव ड्यूटी में लगाना न्याय संगत नहीं है।इस पर भी अधिकारी संघों ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि सुरक्षा संस्थान के अधिकारी तीनों सेनाओं के लिए संवेदनशील उत्पादन में लगे हैं।ऐसे में सुरक्षा उत्पादन प्रभावित होगा।साथ ही यह भी कहा है कि शहर में स्थित अन्य केन्द्रीय संस्थान रेलवे आयकर सर्वे आफ इंडिया दूर संचार विभाग के अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से परे रखकर सिर्फ डिफेंस के अधिकारियों की ड्यूटी लगाना कहां तक न्याय संगत है।

# मानसून मेहरबान, सीजन में अब तक छह इंच से ज्यादा हो चुकी वर्षा

**जबलपुर, यशभारत।** आज भी जबलपुर सहित संभाग के जिलों में वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। जिले में सुबह मौसम का मिजाज नरम बना रहा। हल्की धूप निकली। बीच-बीच में बादल भी मंडराते रहे। वहीं इसके पहले सोमवार को दिन भर सुस्त रहे बादलों ने शाम होते ही सुस्ती तोड़ी और नई उमंग के साथ एक बार फिर झूम कर बरसे। करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश से शहर तरबतर हो गया। इसके बाद भी रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। कभी तेज तो कभी मध्यम फुहारे पड़ती रही। मंगलवार को भी आसमान पर बादलों का डेरा है जो बरसने को बेताब है। बीच बीच मे सूरज भी आंख मिचौली खेल रहा है। जिस तरह से बारिश हो रही है उसे देखकर कहा जा रहा है इस बार सीजन में बारिश का कोटा पूरा हो जाएगा। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अभी तक छह इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले वर्ष अब तक महज तीन इंच ही बारिश दर्ज की गई थी। बादल-बारिश के फेर में तापमान में घट-बढ़ का दौर जारी है। न्यूनतम तापमान में करीब एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रात का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से कम होकर 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिकतम 32 डिग्री तक जा सकता है।



## नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर जारी


वर्षा ऋतु में घरों में पानी भर रहा है या क्षेत्र में जलभराव के हालात बन रहे हैं या फिर अन्य विषम परिस्थितियां निर्मित हो रही है। नागरिक आपाल कालीन स्थिति में नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 0761-2610917, 4023227 एवं 101 पर संपर्क कर मदद बुलवा सकते हैं। नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा के लिए ये हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जो 24 घंटे चालू रहेगा। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि तीनपत्ती स्थित अग्नि शमन विभाग में आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जो 24 घंटे चालू रहेगा। शहर में आपदा की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए लगातार फील्ड में अधिकारियों की तैनाती कराकर सभी आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं। अतिवृष्टि के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित होती है या कोई जर्जर भवन एवं पेड़ गिरने, सांप निकलने की स्थिति बनती है तो नागरिक हेल्प लाइन नम्बर पर काल कर सूचना दे सकते हैं। सूचना के तुरंत बाद ही मौके पर टीम पहुंचकर राहत प्रदान करने संबंधी कार्य करेगी। निगमायुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारी अपने अपने मोबाइल 24 घंटे चालू के भी निर्देश दिए हैं।










# जनेकृविवि के कृषि वैज्ञानिकों ने विकसित की बाजरे की नई प्रजाति

**जबलपुर,यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अन्तर्गत संचालित अखिल भारतीय चारा अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत वैज्ञानिकों द्वारा बाजरे की नवीनतम किस्म जे.पी. एम-18-7 देश के किसानों हेतू विकसित की है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने वैज्ञानिकों की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर बधाई दी है, एवं कहा कि जनेकृविवि के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों की उत्तरोत्तर उन्नति व प्रगति हेतू शोध करके विभिन्न प्रकार की फसलों के बीजों की नई-नई किस्में ईजाद कर रहे हैं और देश-दुनियां में अपना एवं विश्वविद्यालय का परचम लहरा रहे हैं। कुलपति डॉ. बिसेन ने आगे बताया कि इसके पहले भी चाहे सोयाबीन हो या फिर गेहूं, धान की किस्में हो, इस पर भी यहां के वैज्ञानिकों ने किसानों के लिए जवाहर बीजों की प्रजातियां तैयार करके खेती को लाभ का धंधा बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ज्ञात हो कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित अखिल भारतीय चारा अनुसंधान परियोजना छ्तोरे




**राष्ट्रीय स्तर पर चारा अनुसंधान के कृषि वैज्ञानिकों ने बाजरे की जे.पी.एम.- 18-7 किस्म तैयार कर कृषकों को दी सौगात**

कश्मीर कृषि विश्वविद्यालय श्रीनगर में आयोजित कार्यशाला में पूरे राष्ट्र में 24 केन्द्रों में से म.प्र के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में संचालित चारा परियोजना के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा शोध के द्वारा जवाहर बाजरा जे. पी. एम-18-7 को विकसित किया गया है। इस किस्म की खूबी यह है कि इसे भारत के लगभग 20 राज्यों के लिए चिन्हित किया गया है, साथ ही यह प्रजाति अधिक हरा चारा के साथ-साथ बीज उत्पादन में भी बेहतर हैं। इस प्रजाति में शुष्क चारा, प्रोटीन प्रतिशत, फाइबर, पौधे की ऊचाई आदि अन्य जातियों से अधिक है। इस किस्म के विकसित करने में कृषि वैज्ञानिक डी. ए. के मेहता, जो. एस. के विलेया डॉ. अमित झा, डॉ. एस. बी. दास, डॉ. पुष्पेन्द्र यादव, डॉ. श्रीमति आरती श्रीवास्तव एवं डॉ. एन. एस. रघुवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा वैज्ञानिकों को जई में पाषका प्रबंध के लिये भी राष्ट्रीय कार्यशाला में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कतू, अधिष्ठाता कृषि सकाय डॉ. धीरेन्द्र खरचालक पहलवान संचालक विस्तार सेवायें डॉ. डी पी शर्मा सचालक शिक्षण डॉ अभिषेक छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, विभागाध्यक्ष दो पी थी. शर्मा, डॉ आर एस शुक्ला एवं अन्य वैज्ञानिकों ने बधाई दी है।

# प्रेम विवाह का दर्दनाक अंत

# पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध ने गृहस्थी कर दी तबाह

## दो बच्चों को छोड़कर पत्नी ने कर ली आत्महत्या

***जबलपुर, यशभारत। अधारताल में प्रेम विवाह के दर्दनाक अंत का एक हैरतंगेज मामला सामने आया है। युवती ने 6 वर्ष पहले अपने प्रेमी से विवाह रचाया और उसके बाद दो बच्चों का जन्म हुआ। गृहस्थी अच्छी चल रही थी। लेकिन पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध हो गए। जिसके बाद पति और उसकी प्रेमिका, पीड़िता से आए दिन जमकर मारपीट करते थे। जिसके बाद तंग आकर पीड़िता ने फांसी लगाकर मौत को लगे लगा लिया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति और उसकी प्रेमिका के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।***

सीएसपी अधारताल श्रीमती प्रियंका करचाम ने बताया कि मोह. अजीज मंसूरी 31 वर्ष निवासी अम्बेडकर कालोनी अधारताल ने सूचना दी कि उसकी बहन खुशबु मंसूरी 27 वर्ष की शादी 6 वर्ष पहले मुईनुद्दीन निवासी कटरा से हुयी थी। बहन के 2 बच्चे हैं। रात लगभग 1 बजे मुईन ने फोन किया तो फोन नहीं उठाया, सुवह लगभग 8 बजे फोन आया तो बताया कि खुशबु ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसने जाकर देखा तो बहन श्रीमती खुशबु की मौत हो चुकी थी।



### पति की प्रेमिका ने कहा था– तुम बच्चों को लेकर चली जाओ

पुलिस पड़ताल में मृतिका श्रीमती खुशबु मंसूरी के परिजनों एवं साक्षियों के कथन लिये गये, जांच पर पाया गया कि खुशबु मंसूरी ने वर्ष 2015 में मुईन उर्फ मुईनुददीन मंसूरी के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के तीन साल तक पति ने अच्छे से रखा उसके बाद पति समय पर घर नही आता था बीच बीच में घर से बाहर रहता था। पति के रानू खान नाम की लड़की से प्रेम संबंध हो गये थे जिसका विरोध करने पर पति द्वारा खुशबु के साथ मारपीट की जाती थी। रानू खान खुशबु से कहती थी कि मैं मुईन के साथ रहूंगी,तू घर छोड़कर चली जा, बच्चे भी मुझे दे देंगे।

### होटल में की थी मारपीट

पुलिस ने बताया कि जांच में सामने आया कि फरवरी 2022 में होटल में तथा घटना के एक दिन पहले 5 जून 22 को खुशबु के साथ पति मुईन तथा प्रेमिका रानू खान ने मारपीट की थी। पुलिस ने आरोपी मुईनद्दीन मंसूरी एवं रानू खान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



# एडीजीपी उमेश जोगा ने कहा– पुलिस हर स्तर पर तैयार रहे, ताकि प्रभावशाली व्यक्ति चुनाव को प्रभावित न कर सकें

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक, दिए निर्देश

**जबलपुर, यशभारत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में होने वाले मतदान एवं मतगणना की संपूर्ण सुरक्षा को लेकर एडीजीपी उमेश जोगा ने जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों एवं दोनों डीआईजी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। आईजी उमेश जोगा ने बैठक में कहा कि पुलिस हर स्तर पर अपनी पुख्ता तैयारी करे, ताकि गुंडे– बदमाश और प्रभावशाली व्यक्ति चुनाव को प्रभावित न कर सकें। फिलहाल बाउंड ओवर की कारज्वाई जारी रखें, इसके बाद उल्लंघन करते पाए जाने पर उक्त के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करें। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी विशेष रूप से पुलिस पर होती है। पंचायत चुनाव में खेमेबंदी के कारण आपसी विवाद और संघर्ष जैसे मामले न हों इसके लिए पुलिस अधीक्षक अपने–अपने जिले में रणनीति बनाकर कायज़ करें। आदर्श आचार संहिता का कहीं उल्लंघन न हो इसकी सतत निगरानी के लिए सबकी जिम्मेदारी तय करें। डयूटी दौरान किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा हुई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में डीआईजी जबलपुर आरआरएस परिहार, डीआईजी छिंदवाड़ा जगत सिंह राजपूत, एसपी जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी कटनी सुनील जैन, एसपी छिंदवाड़ा विवेक अग्रवाल, एसपी सिवनी रामजी श्रीवास्तव, एसपी नरसिंहपुर विपुल कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। फरार अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा ने चुनाव तैयारियों पर चर्चा करते हुए जनवरी 2020 से 15 जून तक घटित अपराधों की जिलेवार समीक्षा की। पेंडिंग अपराध की जांच में तेजी लाने सहित लंबे समय से फरार अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। आईजी जबलपुर जोन ने कहा कि महिला संबंधी दर्ज अपराधों की विवेचना में देरी न हो और 363 के सभी प्रकरणों में पुलिस द्वारा सतत् दस्तयाबी के प्रयास हों, इसकी समय–समय पर समीक्षा होगी। जमीन संबंधी विवाद का निराकरण कराने के लिए थाना प्रभारी सहित डीएसपी अपने–अपने क्षेत्र में राजस्व अधिकारियों से समन्व बनाकर रखें। जमीन बंटवारा, कब्जा एवं नामांतरण को लेकर होने वाले छोटे से छोटे विवाद पर नजर रखें। निराकरण के संभावित प्रयास करें। थाना पहुंचने वाले फरियादी की शिकायत ध्यान से सुनें, निराकरण करें अन्यथा एफआईआर दर्ज करें। बारिश में शहर से लेकर देहात तक चिन्हित पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा बढ़ाई जाए। आईजी ने गांजा तस्कर एवं अवैध शराब की ब्रिकी करने वालों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### पुलिस की प्लालिंग में 5 बिंदू अहम

चुनाव को लेकर पुलिस ने 5 बिंदुओं की प्लानिंग की है। पुलिस का पहला फोकस गांव में लोगों से तालमेल बढ़ाने का है, इसलिए देहात में थाना प्रभारियों को टास्क दिया गया है वह गांव–गांव घूमें। चौपाल पर बैठें लोगों से मेलजोल बढ़ाएं। ग्रामीण और पुलिस में नजदीकि बढ़ेगी तो जाहिर है खुराफात करने वालों की हरकत पल भर में पुलिस के पास होगी।

# पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने उड़ाया



## पान की दुकान बंद कर जा रहा था घर, पहुंच गया अस्पताल

जबलपुर, यशभारत। गोहलपुर के गाजी मिया दरगाह रोड पर दरमियानी रात पान की दुकान बंद कर घर जा रहे युवक को बेकाबू बाइक चालक ने सीधी टक्कर मारकर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। आनन–फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोह इरफान पिता मोह अहसान 28 वर्ष निवासी अंसार नगर चौकरा गोहलपुर ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि देर रात जब वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था तभी बाइक क्रमांक एमपी 20 एनक्यू 8890 के चालक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## नाबालिग छात्रा का अपहरण

# घर से हुई गायब, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर में किशोरियों के अपहरण के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। जिसका एक मामला कंचनपुर में उस वक्त सामने आया जब घर से अचानक एक नाबालिग छात्रा गायब हो गयी। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन बच्ची का कहीं सुराग नहीं मिला। जिसके बाद थकहार कर थाने पहुंचे परिजनों ने शिकायत की। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करते हुए सरगर्मी से बच्ची को खोजने का प्रयास कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कंचनपुर क्षेत्र निवासी एक 14 साल की छात्रा कल शाम को अचानक गायब हो गयी। परिजनों ने सोचा कि बच्ची अपनी सहेलियों के घर गयी होगी। लेकिन रात होने पर जब बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजन हैरत में पड़ गए और आसपास सहित सभी नाते रिश्तेदारों को फोन कर बच्ची की जानकारी ली। लेकिन सभी ने अनभिज्ञता जाहिर की। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है।



# अधारताल में सूने मकान का टूटा ताला

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के अंसारी मार्केट स्थित एक सूने मकान का चोरों ने दरमियानी रात ताला तोड़कर घर में रखे कीमती गहने सहित नगदी 20 हजार पार कर रफूचक्कर हो गए। जब पीड़ित घर पहुंचा तो अलमारी का लॉक टूटा था और उसमें रखे जेवरात और नगदी गायब थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अंसारी मार्केट निवासी तोसिब अंसारी पिता मुख्तार अंसारी 37 साल ने रिपोर्ट दर्ज की है कि वह रिश्तेदारी में बाहर गए थे। देर रात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी और जेवरात पार कर लिए। उसे पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने में लगी है।

# प्रेमिका के साथ किया दुराचार :शादी का झांसा देकर महीनों से कर रहा था शारीरिक शोषण



**जबलपुर यश भारत।** गोरखपुर थाने में बलात्कार का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है जिसमें पहले तो शातिर प्रेमी ने 22 वर्षीय युवती को अपने प्रेम के जाल में फंसाया और फिर वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा लेकिन जैसे ही पीड़िता ने विवाह करने का दबाव डाला तो आरोपी साफ मुकर गया जिसके बाद रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जानकारी अनुसार गोरा बाजार थाना पहुंची 22 वर्षीय युवती ने बताया कि वह आजाद चौक लाल कुआं की निवासी है वहीं पास में ही राहुल बेन रहता है जिसने पहले तो साधारण दोस्ती की और फिर अपने झूठे प्रेम के जाल में फंसा दिया।

### घर में किया दुराचार

पीड़िता ने बताया कि आरोपी मिलने के बहाने उसके घर आया और जबरदस्ती उसके साथ दुराचार किया जब उसने विरोध किया तो शादी कर लेने का झांसा देकर मुंह बंद करा दीया लेकिन जैसे ही उसने गवाह करने का दबाव डाला तो आरोपी साफमुकर गया पुलिस ने बताया कि आवेदन जांच के बाद मामला कायम किया गया है।

## पर्स गुमा

मैं मोहित बारी अकोर्ड मोटर्स इंडिया प्रा लिमिटेड में एचडीएफसी बैंक के लिए कार्य करता हूं। मेरा आईडी कार्ड नंबर 220405718300390 जो 15.6.22 को शाम को लगभग 8 बजे अपने निवास स्थान से गुरंदी रोड की तरफ जा रहा था तभी बीच में कहीं मेरा पर्स गिर गया जिसमें मेरा एचडीएफसी बैंक का आईडी कार्ड था जिसकी सूचना थाना बेलबाग में दी जा चुकी है।

**मो न 8817314535**
**अकोर्ड मोटर्स इंडिया प्रा. लि. जबलपुर**

# घर घर जनसंपर्क में जुटे हैं पिंटू भैया



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 25 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाई अजय पटेल (पिंटू भैया) के समर्थन में आज दुर्गा मंदिर से जनसंपर्क प्रारंभ किया गया जिसमें वार्ड के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश साहू श्रीमती विमला केसरवानी जागृति शुक्ला श्रीनाथ यादव प्रदीप यादव जी गणेश मिश्रा आनंद मिश्रा राजकुमार केसरवानी साहिल समुंद्री शुभम रजक राजेश तिवारी बंटी विश्वकर्मा सुशील महाराज सुनील जैन रिंकू जैन महेश अग्रवाल सोनू दुबे अंशुल विश्वकर्मा श्रीमती कल्पना समुंद्रे देशराज सिंह ठाकुर राहुल जैन सोनू अग्रवाल मुकेश शुक्ला पप्पी साहू आशीष मिश्रा एवं वार्ड के सभी देश को श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

# जबलपुर पुलिस लाईन के परेड ग्राउंड में शिविर आयोजित



जबलपुर, यशभारत। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्गनिर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन जबलपुर स्थित परेड ग्राउंड पर आज योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एवं रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी सहित शहर/देहात के थानो से 125 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुये।

**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689, 9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

## आवश्यक सूचना

माइक्रो फाइनेंस की अग्रणी कंपनी आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस जिसका वर्तमान पता हाउस नं. 93/3, जय प्रकाश नगर, चित्रगुप्त चौक, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) 482002 है। जो कि दिनांक 01 अगस्त से नया पता हाउस नं. HIG 25 A, पल्स मेडिकेयर के बाजू में धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482003 पते पर स्थानान्तरण हो जायेगा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इस पते पर संपर्क करें या फिर इस नंबर पर

**संपर्क करें मोबाईल :8085481071, 7611127121**








# ओबीसी वर्ग के SAF पुलिस आरक्षकों को उनकी चॉइस के आधार पर जिला पुलिस बल,स्पेशल ब्रान्च में पदस्थापना करने का आदेश

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस ओबीसी/एससी/एसटी वगज़ के आरक्षकों द्वारा दायर याचिका में राहत देते हुए, डारेक्टर जनरल आफ पुलिस तथा ए. डी. जी.(प्रशासनिक) को हाईकोर्ट द्वारा 2 माह के अंदर चॉइस के आधार पर पदस्थापना देने के आदेश दिए गए है।

प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है की वर्ष 2016 की पुलिस भर्ती में आरक्षित (OBC/SC/ST) के अभ्यर्थी मेरिट में टॉप होने पर उनका चयन अनारक्षित(ओपन) वर्ग में किया गया था, लेकिन उनको उनकी पसंद चॉइस फिलिंग के आधार पर पोस्टिंग नही की जाकर उन सभी आरक्षित वर्ग के जो अनारक्षित वर्ग में चयनित हुए थे उन सभी को प्रदेश की समस्त ᳚स्न बटालियनों में पदथापना दी गई है। जबकि उनसे कम मेरिट वाले अभ्यथिज़्यों को जिला पुलिस बल,स्पेशल ब्रांच,क्राइम ब्रांच आदि शाखाओ में पदस्थापना दी गई है। अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने आरक्षित वगज़ के आरक्षकों की ओर से मध्यप्रदेश उच्च में याचिका दायर की गई थी याचिका की प्रारंभिक सुनवाई 20 मई 22 को जस्टिस मनिन्दर भट्टी की बैंच द्वारा की गई। अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कोर्ट को बताया की पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2016 की भतीज़ में अपनाई गई प्रक्रिया सुप्रीम कोटज़ के स्पष्ट निर्देश एवं फैसलों से असंगत है,। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बैंच द्वारा इंद्रा शाहनी बनाम भारत संघ एवम भारत संघ वनाम रमेश राम, रीतेश आर शाह जैसे दर्जनों फैसलों से कोर्ट को अवगत कराया गया तथा बताया गया की आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यर्थी को अपनी पसंद के पद पर पदस्थापना प्राप्त करने का विधिक अधिकार है, अर्थात याचिका कर्ताओं ने अपनी पहली पसंद की वरीयता में जिला पुलिस बल, स्पेशल ब्रांच,आदि प्रस्तुत की गई थी लेकिन पुलिस विभाग ने मनमाने रूप से पदस्थापना की गई है जो याचिका कर्ताओ से कम अंक अर्जित करने वाले है उन्हें महवपूर्ण शाखाओं में पदस्थापना दी गई है जबकि याचिका कर्ताओ को उनकी केटेगिरी में उनकी पसंद के आधार पर पदस्थापना की जाना चाहिए थी। तथा अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसलों को 'जजमेंट इन रेम' बताया गया (जजमेंट इन रेम का मतलब होता है कि एक पालिसी विशेष पर दिया गया फैसला जो शास्वत रहता है) अधिवक्ता रामेश्वर सिंह के उक्त तर्कों से सहमत होते हुए कोर्ट ने याचिका को अलाव करते हुए, पुलिस महानिदेशक,अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को आदेश दिनांक से 60 दिनों के अंदर याचिका कर्ताओं को सुप्रीम कोटज़ के फैसलो के आलोक, रोशनी में याचिकाकर्ताओ को उनकी पसंद के आधार पर पदस्थापना देने का आदेश दिया गया। याचिकाकर्ता ओ की ओर से पैरवी अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक शाह, अंजनी कबीरपंथी ने की।



### युवाओं में बढ़ी योग सीखने की ललक



**भोपाल( यशभारत )।** राजधानी में स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में 72 कोर्स संचालित हो रहे हैं। इसमें करीब 12 कोर्स में दो-तीन सालों में जीरो प्रवेश हुए हैं, लेकिन योग विज्ञान विभाग में छह प्रकार के कोर्स संचालित होते हैं। इनमें हर साल पूरी 215 सीटें फुल हो जाती है। इन कोर्सेस के लिए हर साल आवेदन भी 300 से 350 आवेदन आते हैं। कोविड काल के बाद बीयू के योग विज्ञान विभाग के पाठ्यक्रमों के लिए सबसे अधिक आवेदन आ रहे हैं। तीन सालों में योग

# बीयू के योग विज्ञान विभाग में हर साल सीटें हो जाती हैं फुल

## विवि से कोर्स करने वाले युवाओं ने योग प्रशिक्षक बनकर कोरोना काल में लगभग 40 हजार होम आइसोलेशन वाले मरीजों को दिया प्रशिक्षण

विभाग में 600 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। कोरोना काल में विवि के विद्यार्थी होम आइसोलेशन में रहने वाले करीब 40 हजार लोगों को योग का आनलाइन प्रशिक्षण दिया। विवि की तरफ से हर रोज कोविड काल में मरीजों को 45 मिनट की कक्षा में प्रणायाम सहित कई प्रमुख आसन की बारीकियां सिखाई। पिछले तीन सालों में रोजगार पाने के लिए भी योग के कोर्सेस की तरफ युवाओं का रुझान बढ़ा है। ज्यादातर युवा एक वर्ष का योग डिप्लोमा का कोर्स करने के लिए विवि में प्रवेश ले रहे हैं, ताकि उन्हें स्कूल, कालेज, संस्था में योग प्रशिक्षण के रूप में भी नौकरी मिल सके, क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यूजी के प्रथम वर्ष में भी योग विषय को अनिवार्य किया है।

### योग विभाग में ये कोर्स होते हैं संचालित

योग विभाग में एमए ह्यूमन कांससनैस एंड यौगिक साइंस, एमएससी ह्यूमन कासंसनैस एंड यौगिक साइंस, पीजी डिप्लोमा इन यौगिक साइंस, पीजी डिप्लोमा इन योग थैरेपी, पीजी डिप्लोमा इन स्ट्रेस मैनेजमेंट थ्रू योग, सर्टिफिकेट इन योग साइंस कोर्स संचालित हो रहे हैं। इनमें 215 से अधिक सीटें हैं।

### प्रदेश के चार लाख 90 हजार विद्यार्थी पढ़ रहे हैं योग

### योग आयोग बनाने की घोषणा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पिछले वर्ष यूजी के प्रथम वर्ष में फाउंडेशन कोर्स में योग विषय को अनिवार्य किया है। इसमें प्रथम वर्ष में चार लाख 90 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इतने विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षक की जरूरत है, लेकिन कालेजों में योग के शिक्षक ही नहीं है। वर्तमान समय में विवि में योग के डिप्लोमा और पीजी कोर्सेस में हर साल विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है।

**तीन सालों में युवाओं में योग को लेकर काफी रुझान बढ़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण योग से मिलने वाला रोजगार है। इन कोर्सेस को करने के बाद युवा स्कूल, कालेज या अपना संस्थान खोलकर भी प्रशिक्षण दे सकते हैं।**

**- डा. साधना दोनेरिया, विभागाध्यक्ष, योग विज्ञान विभाग, बीयू, भोपाल**

# डीएलएड, बीएड और एमएड कोर्सेस में च्वाइस फिलिंग जारी

## आवंटित कॉलेज में प्रवेश शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तारीख 22 से 25 जून के बीच रहेगी

**भोपाल( यशभारत )।।** राज्य शिक्षा केंद्र के तहत प्रदेश के सरकारी एवं निजी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए च्वाइस फिलिंग 10 जून से शुरू हो गई है। साथ ही बीएड और एमएड पाठ्यक्रमों में शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए च्वाइस फिलिंग 13 जून से जारी है। शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों से बीएड या एमएड पाठ्यक्रम या शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक सभी अभ्यर्थी वेबसाइट पर प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। इस बार राजधानी के कई सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने काफी संख्या में आवेदन किया है। उनका अलाटमेंट सीट जारी किया जाएगा। तीसरे चरण में आवंटित कालेज में प्रवेश शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तारीख 22 से 25 जून के बीच रहेगी। जुलाई से इनकी कक्षाएं शुरू की जाएगी।




### यूजी में 96 हजार विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

प्रदेश के सरकारी और निजी 1317 कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यूजी में पहले चरण में शुल्क जमा कर प्रवेश लेने का शनिवार को अंतिम दिन था। पहले चरण के लिए 1,60,780 सीटें आवंटित की गई थी। इसमें कुल 95,986 विद्यार्थियों ने शुल्क जमा कर प्रवेश लिया है। हालांकि अब भी यूजी में एक लाख का तक आंकडा नहीं छू सका है, जबकि पिछले वर्ष विभाग ने एक लाख 76 हजार प्रवेश करा लिए थे। अब प्रदेश के कालेजों में करीब साढ़े पांच लाख खाली सीटें कालेज लेवल काउंसिलिंग(सीएलसी) से भरी जाएंगी। उच्च शिक्षा विभाग के पास यूजी में करीब 1317 कालेजों में करीब साढ़े छह लाख सीटें हैं। इसके अलावा विभाग ने सीएलसी के प्रवेश प्रक्रिया में छह दिन की बढ़ोतरी की है। वर्तमान में सीएलसी के प्रथम चरण का पंजीयन की अंतिम तारीख खत्म हो चुकी है। इसके बाद विद्यार्थी 21 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे। अब तक बता दें, कि विभाग ने आगामी तीनों सीएलसी के कार्यक्रम को बढ़ा दिया है। अब 11 जुलाई को समाप्त होने वाली प्रक्रिया 16 जुलाई को समाप्त होगी।

# आबकारी विभाग ने पांच जगह की छापामार कार्रवाई, अवैध तरीके से बनाई शराब और महुआ लाहन जब्त

**इंदौर( यशभारत )।** अवैध तरीके से शराब बनाने और बेचने के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत महू क्षेत्र में विभाग के अमले ने पांच जगह छापामार कार्रवाई की। छापामार कार्रवाई में हाथ भट्टी की बनी 35 लीटर शराब और 550 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। जब्त की गई सामग्री की कीमत 92 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में पांच अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं, जबकि एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपित फरार हो गए हैं। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजनारायण सोनी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को महू में विभिन्न स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। विभाग के अमले को पता चला था कि महू क्षेत्र के कुछ गांवों में अवैध तरीके से हाथ भट्टी से शराब बनाई और बेची जाती है। इस पर विभागीय अमले ने ग्राम पत्थरनाला और ग्राम देवगुराड़िया में दबिश दी। इस दौरान कुल पांच जगह छापे डाले गए। इस कार्रवाई में पांच प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। कार्रवाईइ में जब्त 35 लीटर हाथ भट्टी की मदिरा और 550 किलो महुआ जब्त लहान जब्त किया गया। जब्त मदिरा, महुआ लहान और अन्य सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 92 हजार 500 रुपये है। साथ ही अमले ने जब्त किया गया सामान नष्ट करवा दिया है। उल्लेखनीय है कि इस समय जिले में पंचायत चुनाव चल रहा है। चुनाव में मतदाताओं को शराब बांटने और पिलाने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। जैसे-जैसे मतदान की तारीख 25 जून निकट आ रही है, चुनाव को प्रभावित करने वाले और मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले शराब और अन्य अनैतिक गतिविधियां कर सकते हैं। अवैध तरीके से शराब बनाने के मामले भी बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए ही आबकारी विभाग ने छापामार कार्रवाई का अभियान चलाया है।



# 8 वार्डों में 16 से अधिक उम्मीदवार लगानी पड़ेंगी दो ईवीएम

**भोपाल ( यशभारत )।** छह जुलाई को होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन फार्म की जांच की गई। इसके पहले शनिवार को नामांकन जमा करने का आखिरी दिन था। भोपाल में महापौर पद के लिए 12 और नगर निगम के 85 वार्डों के लिए 810 उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म जमा किए है। सबसे अधिक नामांकन वार्ड 27 में जमा हुए। यहां पर 19 दावेदार मैदान में हैं। दूसरे नंबर पर वार्ड 34 और 56 हैं। यहां से 18-18 दावेदार मैदान में हैं। वहीं वार्ड 33 और 63 में 16-16 दावेदारों ने नामांकन जमा किया है। नाम वापसी के बाद भी वार्ड 27, 34 और 56 में यह स्थिति रही तो मतदान के लिए दो ईवीएम मशीन लगानी पड़ सकती है। दरअसल, एक मशीन में 16 बटन ही होते हैं। ऐसे में अधिक संख्या में उम्मीदवार होने पर एक और बैलेट यूनिट लगाई जाती है।

# तुअर, उड़द और मूंग का क्षेत्र बढ़ाने की तैयारी

## 147 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की होगी बोवनी



**भोपाल( यशभारत )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में विविधीकरण के साथ दलहन और तिलहन फसलों को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। मध्यप्रदेश इस दिशा में लगातार कदम आगे बढ़ा रहा है। दलहन और तिलहन फसलों का क्षेत्र बढ़ रहा है। इस वर्ष तुअर (अरहर), उड़द, मूंग सहित अन्य फसलों का क्षेत्र बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। 147 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोवनी संभावित है। बात दें कि पिछले चार साल में तुअर, उड़द, मूंग, चना, मटर, मसूर के क्षेत्र में वृद्धि हुई है। वहीं, सोयाबीन का क्षेत्र घटा है। इसकी जगह अब किसान धान की फसल को प्राथमिकता दे रहे हैं। मूंगफली, अलसी और सरसों का क्षेत्र भी बढ़ा है। प्रदेश सरकार ने तय किया है कि दलहन और तिलहन फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस वर्ष तुअर का क्षेत्र चार लाख 43 हजार हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले साल दो लाख 37 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में तुअर की बोवनी हुई थी। इसी तरह उड़द 15 लाख 97 हजार और मूंग की बोवनी का लक्ष्य एक लाख 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र निर्धारित किया गया है। मक्का का लक्ष्य 14.16 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 15 लाख चार हजार हेक्टेयर रखा गया है। मूंगफली के लिए चार लाख 58 हजार और तिल की बोवनी के लिए छह लाख 73 हजार हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित है। उधर, सोयाबीन की फसल में पिछले कुछ सालों से किसानों को हो रहे नुकसान को देखते हुए का क्षेत्र घटने की संभावना है। इसे देखते बोवनी का लक्ष्य भी 55 लाख 31 हजार की जगह 51 लाख 72 हजार हेक्टेयर रखा गया है।

### 34.71 लाख हेक्टेयर में धान की बोवनी का लक्ष्य

सरकार ने इस वर्ष धान की बोवनी के लिए 34 लाख 71 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश में धान का सामान्य क्षेत्र 27 लाख 11 हजार हेक्टेयर है। पिछले वर्षों में किसानों ने सोयाबीन की जगह धान को प्राथमिकता दी है। सीहोर, रायसेन, विदिशा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों में बासमती धान की बड़े पैमाने पर खेती हो रही है। इससे किसानों को आर्थिक लाभ भी हो रहा है। इसे देखते हुए माना जा रहा है कि इस वर्ष भी धान की बोवनी अधिक होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अपील की है कि किसान एक तरह की फसल लेने की जगह विकल्प के तौर पर दूसरी फसल लें। उन्होंने कहा कि किसान हित में कृषि संचालनालय में प्रकोष्ठ गठित कर दिया गया है।

# भाजपा के लिए खतरा साबित हो सकते हैं बागी उम्मीदवार !

**संत हिरदाराम नगर ( यशभारत )।** नगर निगम चुनाव में उठापटक का दौर जारी है। कुछ उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है तो कुछ उम्मीदवारों को नाम वापसी का इंतजार है। बैरागढ़ क्षेत्र के सभी 6 वार्ड में वैसे तो कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा लेकिन इस बार निर्दलीय खेल बिगाड़ सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी को सबसे अधिक मुश्किल होगी कई निर्दलीय भाजपा के लिए खतरा बन सकते हैं। वार्ड नंबर 1 से भाजपा ने इस बार राधिका सिंह को उम्मीदवार बनाया है। यह वार्ड अनारक्षित है। भाजपा कार्यकर्ता चाहते थे कि यहां से किसी सक्रिय पुरुष नेता को टिकट दिया जाए। लेकिन अंतिम समय में स्थानीय नेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया। भाजपा नेता विनोद

### पुराने कार्यकर्ता मैदान में डटे

घूसर ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं को पत्र लिखकर इस वार्ड से टिकट बदलने की मांग की है। घूसर ने कहा है कि यहां से किसी सक्रिय पुरुष नेता को टिकट दिया जाए क्योंकि सामान्य पुरुष सीटें वैसे भी कम है। वार्ड 2 में भाजपा ने कुसुम चतुर्वेदी एवं कांग्रेस ने सुरेंद्र सोनू तोमर को उम्मीदवार बनाया है यहां से कोई तीसरा दमदार उम्मीदवार नहीं है। वार्ड 3 से भी रेणु मारण एवं करिश्मा मारन के बीच मुकाबला है। सबसे अधिक मारामारी वार्ड नंबर 4 में होगी। यहां से भाजपा ने पूर्व जोन अध्यक्ष राजेश हिंगोरानी को उम्मीदवार बनाया है इस वार्ड से करीब आधा दर्जन नेता दावेदार थे इनमें से अधिकांश ने निर्दलीय के रूप में पर्चा दाखिल किया है भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हरीश बिनवानी, कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी मैं तो प्रचार भी शुरू कर दिया है। दोनों ही उम्मीदवार भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकते हैं। यहां से कांग्रेस की ओर से माधू चांदवानी उम्मीदवार हैं। यहां से कांग्रेस की किशोर साधवानी एवं जगदीश सांवले ने निर्दलीय के रूप में पर्चा दाखिल किया है।

### वार्ड पांच में भी भाजपा को खतरा

वार्ड क्रमांक 5 में इस बार पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। इस वार्ड से सिंधी समाज के नेताओं की नजर थी लेकिन आरक्षण ने उनका खेल बिगाड़ दिया। यहा से भाजपा ने राहुल राजपूत को उम्मीदवार बनाया है। विधायक रामेश्वर शर्मा समर्थक सूरज यादव एवं संतोष यादव ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। दोनों भाजपा के ही वोट कम करेंगे। वार्ड क्रमांक छह में सीधे मुकाबले के आसार है। यहां से कांग्रेस ने दीपा यादव एवं भाजपा ने ज्योति यादव को उम्मीदवार बनाया है। यहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जोन अध्यक्ष बलवीर यादव ने टिकट वितरण पर नाराजगी प्रकट की है। फेसबुक पर उनका एक संदेश वायरल हुआ है। जिसमें उन्होंने अपना दुख जाहिर किया है। बलवीर की पत्नी ने वार्ड 6 से फॉर्म भरा है।

# महापौर पद के निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलेंगे गुब्बारा गैस सिलेंडर जैसे चिह्न

**भोपाल ( यशभारत )।** 22 जून को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चि आवंटित कर दिए जाएंगे। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रत्याशियों को आरक्षित चुनाव चिह्न मिलेंगे तो निर्दलीय प्रत्याशियों को मुक्त चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने मुक्त चिह्न निर्धारित कर दिए हैं। महापौर पद के लिए गुब्बारा, गैस सिलेंडर सहित 37 चिह्न रखे गए हैं। जबकि, पार्षद पद के लिए 32 चिह्न मुक्त श्रेणी में रखे गए हैं।




### महापौर पद के लिए मुक्त चुनाव चिह्न

नल, टेबल पंखा, गुब्बारा, स्लेट, बिजली का स्विच, कांच का गिलास, रेडियो, खंभे पर ट्यूबलाइट, स्टूल, गैस बत्ती, रोड रोलर, बस, सीटी, प्रेशर कुकर, बल्लेबाज, मटका, गाड़ी, बैटरी टार्च, सूरजमुखी, गेहूं की बाली, सब्जियों की टोकनी, हार, अंगूठी बेंच, गैस सिलेंडर, पीपल का पत्ता, हारमोनियम, हाथ चक्की, डबल रोटी, मेज, ब्रीफ केस, गैस स्टोव, दरवाजा, ब्रुश, बल्ला, वायलिन और बेलन ।

### पार्षद के लिए मुक्त चुनाव चिह्न



केक, कैमरा, गाजर, कोट, टेंट, चारपाई, सिलाई की मशीन, नाव, स्कूटर, जीप, ब्लैक बोर्ड, टेलीफोन, टेलीविजन, कप और प्लेट, बरगद का पेड़, लेटर बाक्स (पत्र पेटी), अलमारी, हाकी और गेंद, डीजल पंप, दो तलवार और एक ढाल, डोली, फल सहित नारियल का पेड़, कैंची, बाल्टी, कमीज, फ्राक, केतली, लेडीज पर्स, भोंपू, सेव और प्रेस ।



# शाहपुरा में बाइक सवार बदमाश ने महिला की चेन लूटी

**भोपाल ( यशभारत )।** शाहपुरा थाना इलाके में रविवार रात खाना खाने के बाद बेटी के साथ टहलने निकली महिला के गले से बाइक सवार बदमाश सोने की चेन लूटकर फरार हो गई। लूटपाट के दौरान महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। लुटेरों की पहचान के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है। एएसआई बृजेंद्र निगम ने बताया कि 30 वर्षीय जूही शुक्ला पुत्री उमेश प्रताप शुक्ला (30) संयोग परिसर त्रिलंगा, शाहपुरा में रहती हैं। वह बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। इन दिनों वह अपने घर छुट्टी पर आई हुई है। जूही शुक्ला ने पुलिस को बताया कि रविवार रात खाना खाने के बाद वह अपनी मां आशा शुक्ला के साथ टहलने निकली थी। दोनों मां बेटी रात करीब 11 बजे शाहपुरा स्थित कटी पहाड़ी से होते हुए माखनलाल चतुर्वेदी बस स्टाप तक पहुंचे थे। वहां से अपने घर की तरफ जा रहे थे, तभी कटी पहाड़ी की तरफ से आ रहे बाइक सवार युवकों में से पीछे बैठे युवक ने आशा शुक्ला के गले से सोने की चेन झपट ली। महिला ने चेन पकड़ ली थी इससे चेन का आधा हिस्सा उनके हाथ में रह गया, जबकि दूसरा टुकड़ा युवक के हाथ लगा था। चेन बचाने के प्रयास में महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। वारदात होते ही मां-बेटी ने शोर भी मचाया, लेकिन लुटेरे तेजी से बाइक लेकर भाग निकले थे। लूटी गई चेन की कीमत करीब 12 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है। देर रात पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की थी, लेकिन लुटेरों का पता नहीं चल सका। अब पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फु टेज खंगाल रही है।

# बैरागढ़ में टिकट न मिलने से दुखी भाजपा के पूर्व पार्षद का छलका दर्द

## लगातार तीसरी बार टिकट कटने से दुखी



**भोपाल ( यशभारत )।** भाजपा में अब कार्यकर्ताओं की हैसियत जानवरों से अधिक नहीं है। हम खूंटे से बंधे जानवर हैं। हम पर बंदिशे हैं कि अच्छे को अच्छा नहीं कहें और चोर को साहूकार बताएं। पूर्व पार्षद एवं बैरागढ़ जोन एक के पूर्व अध्यक्ष बलवीर यादव ने फेसबुक पर इस तरह के विचार प्रकट किए हैं। बलवीर के फेसबुक वाल का स्क्रीनशाट इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यादव लंबे समय से भाजपा में सक्रिय रहे हैं। पिछले दो कार्यकाल से पार्षद का टिकट नहीं मिलने के बावजूद वे हमेशा पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। इस बार उन्होंने वार्ड एक से टिकट मांगा था। पार्टी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वार्ड छह से उनकी पत्नी को प्रत्याशी बनाया जाएगा, लेकिन अंतिम समय में पार्टी ने यहां से जिला महामंत्री जगदीश यादव की पत्नी ज्योति यादव को उम्मीदवार बना दिया। वार्ड एक से भी उनको टिकट नहीं दिया गया। बलवीर को वार्ड क्रमांक पांच से टिकट देने पर भी विचार किया गया था। यह वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। अंतिम समय में पार्टी ने उन्हें किसी भी वार्ड से टिकट देना उचित नहीं समझा। लगातार तीसरी बार टिकट कटने से वे दुखी हैं। अपने दर्द को उन्होंने फेसबुक के माध्यम से



# बैरागढ़ की पुरानी सिंधु टाकीज के पीछे नाले की दीवार टूटी आधा दर्जन घायल, दो की मौत

**संत हिरदाराम नगर।** बैरागढ़ की पुरानी सिंधु टाकीज के पीछे नाले की दीवार टूटने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसमें आधा दर्जन घायल और दो की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पानी का बहाव तेज होने से काम कर रहे कर्मचारी पानी मे बहे। बचाव कार्य के लिए राज्य आपदा प्रबंधन का दल मौके पर पहुंच गई है। बारिश के कारण राहत कार्य में हो रही है देरी हो रही है। बताया जा रहा है कि अभी तक करीब आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए और दो मजदूरों की मौत हो गई है। नगर निगम जोन 1 के जोनल अधिकारी कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुँचे। नगर निगम के कर्मचारी मौके पर, नाले के पास चल रहा था निर्माण कार्य। सूचना मिलने पर नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गया है बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है यहां पर पुरानी सिंधु टाकीज के पीछे नाले से सटकर दुकानों का निर्माण हो शॉपिंग कांप्लेक्स बनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा है मिट्टी धंसने से कई अन्य लोगों के हताहत होने की भी संभावना है। प्रथम दृष्टया भंडार की लापरवाही सामने आ रही है नगर निगम की भी लापरवाही इसमें देखने को मिल रही है नगर निगम ने मानसून पूर्व रखरखाव कार्य किया था लेकिन इस नाले की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया।

# प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो एवं प्रदेश संगठन महामंत्री प्रदेश कार्यालय में योग कार्यक्रम में हुए शामिल



**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो के कंदारिया महादेव मंदिर प्रागंण में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल होकर योग किया। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने प्रदेश कार्यालय, पं. दीनदयाल परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक उद्यानों में आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय, पं. दीनदयाल परिसर में पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने योग किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता श्री रघुनंदन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आलोक शर्मा श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सवनानी, प्रदेश मंत्री श्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, भोपाल जिला प्रभारी श्री महेन्द्र यादव, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा वग्गा, श्री आलोक संजर, श्री राकेश शर्मा, श्रीमती एच आर लता, श्री हिरेन्द्र बहादुर सिंह, श्री विकास वोद्रीया, श्री रंजीत सिंह चौहान, श्री राजेन्द्र गुप्ता, श्री सतिश विश्वकर्मा, श्री सुनिल पाण्डे, श्री बाबुलाल यादव, श्री संतोष हिरवे, श्री सत्येन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखण्डे, श्री महेन्द्र दवे शामिल हुए। गांगुली योग पीठ के योगार्चाय श्री पवन गुरू ने सभी को योग कराया।

# कुंडम टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट एवं कुंडम नगर में ब्रम्ह कुमारी उप सेवाकेंद्र पतंजलि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने मिलकर कुंडम में मनाया विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**कुंडम**-आज दिनांक 21/06/2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कुंडम टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कुंडम, ब्रम्हकुमारी उप सेवाकेंद्र एवं पतंजलि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने मिलकर कुंडम स्थित द्वारिका नगरी के पार्क में योग की गतिविधियों के साथ कार्यक्रम को संपन्य कराया योग की गतिविधिया सचिन साहू के सानिध्य में कराई गई ब्रम्हकुमारी उप सेवा केंद्र से रतना दीदी एवं बी के उषा




दीदी ने कार्यक्रम में ध्यान साधना का जीवन में महत्व समझायाकार्यक्रम में कुंडम टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर योगेश पूरी गोस्वामी ने कहा कि योग हमारे जीवन में अत्याधिक लाभकारी हैं करे योग रहे निरोग इस वाक्य को जीवन में उतारने प्रेरित किया इंस्टीट्यूटसमस्त स्टाफ संतोष साहू गुड्डू पटवा प्रहलाद झरिया एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर बेलखाडू शासकीय स्कूल में हुआ योगाशन



**बेलखाडू ।** अन्तर्रास्ट्रीय योग दिवस पर बेलखाडू शासकीय स्कूल प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया इस आयोजन मैं स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने स्कूल प्रांगण में उपस्थित होकर योगाशन किया साथ ही योगा को प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करने से शरीर मे होने वाले फायदे, स्वस्थ्य होने के तरीके की जानकारी भी प्रदान की गई, योगा शिविर में प्राचार्य सरस्वती कुमरे ए के तंतु बाय एसके उपाध्याय जेके नामदेव श्रीमती एल न्यू मी ममता सोनी दीपिका सिंह श्री धर्मेंद्र अवस्थी आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में महिमा ने साधा कासे पर निशाना



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी भोपाल में हो रही 20 वीं कुमार सुरेंद्र सिंह नेशनल शूटिंग ँपियनशिप में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर की पिस्टल शूटर महिमा तुरही अग्रवाल ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल टीम वीमेन इवेंट में कांस्य पदक जीत कर संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। महिमा ने टीम इवेंट में चिंकी यादव एवं अंकिता यादव के साथ भाग लिया था । महिमा गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशनल साइकोलोजी एवं गाइडेंस की अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। महिमा विगत 8 वर्षों से गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी में कोच श्री निशांत नथवानी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं है।

# बहुत कठिन है डगर पालिका की

# कौन बनेगा पार्षद किसके सिर पर होगा नगर अध्यक्ष का ताज

**गोटेगांव--समूचे मध्यप्रदेश की तरह गोटेगांव में भी नगर पालिका के चुनाव आगामी दिनों में संपन्न होने जा रहे हैं आचार संहिता लग चुकी है विगत दिनों तकरीबन 15 वर्षो पार्षद पद हेतु 50 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन भी भरे हैं ऐसे में नगर में गणमान्य नागरिकों के द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं की नगर के 15 वार्डो में किस वार्ड में कौन पार्षद बनेगा नगर पालिका परिषद की कमान किसके हाथ में होगी अध्यक्ष का सेहरा किस के सर पर बांधा जाएगा।**



कौन अध्यक्ष की कुर्सी को सुशोभित करेगा ऐसे कई तमाम अनसुलझे सवाल नगर की जनता के मन मस्तिष्क पर कौंध रहे हैं। नगर पालिका परिषद के चुनाव के ठीक पहले जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के चुनाव भी चल रहे हैं ऐसे में कुछ वार्डों में पार्षद पद हेतु अपना मतदान करने की इच्छुक नवीन मतदाताओं से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हमारे वार्ड का विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी सहज सरल मिलनसार और कार्य करने वाले व्यक्ति को ही पार्षद चुना जाएगा स्मरण हो कि 5 वर्ष के लिए पार्षद को चुना जाता है अब कार्य करने वाले को प्राथमिकता से पार्षद पद हेतु चुना जाएगा नगर की जनता 15 वार्ड से पार्षद हेतु 50 प्रत्याशी मैदान में हैं आगामी 22 तारीख को नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है देखना होगा कौन निर्विरोध विजय श्री का वरण करता है और किसकी तकदीर में वोटिंग होती है नगर की जनता आशा भरी निगाह से टकटकी लगाए नवीन परिषद की गठन की राह देख रही है फिलहाल समाचार लिखे जाने तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है वही प्रत्याशी भी अपनी जीत के लिए एड़ी चोटी की ताकत लगा रहे हैं फिलहाल हार और जीत भविष्य के गर्त में है इस बार नगर की जनता बड़ी समझदारी से काम लेगी इसमें कोई दो राय नहीं है विदित हो कि आगामी 6 जुलाई को नगर पालिका के 15 वार्डों में मतदान होना है 15 वर्षों से 15 पार्षद चुना जाना है देखने में आ रहा है कि 15 पार्षदों के नामांकन भरने में 10 महिलाएं भी अपनी किस्मत आजमा रही हैं अब देखना होगा की ऊंट किस करवट बैठता है।

# सेवा को मिला सम्मान

## चिकित्सा निदेशक ने चिकित्सा कर्मियों को किया पुरस्कृत





**जबलपुर ।** रेलकर्मियों और यहाँ तक कि चलती रेलगाड़ियों में बीमार रेलयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल में दिन रात ड्यूटी पर तैनात रेलवे डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ, फार्मासिस्ट, अस्पताल परिचर, स्टोर खलासी, आदि स्वास्थ्यकर्मियों को प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक एच.के श्रीवास्तव ने जबलपुर में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए सम्मानित किया। मंगलवार को महाप्रबन्धक कार्यालय कोर बिल्डिंग के कॉफ्रेन्स हॉल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में चिकित्सा विभाग मुख्यालय एवं केन्द्रीय चिकित्सालय के अलावा जबलपुर, कोटा, भोपाल, मण्डलों में कार्यरत चिकित्सा कर्मियों को मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सा निदेशक एच.के. श्रीवास्तव ने व्यक्तिगत पुरस्कार तथा सामूहिक पुरस्कार प्रदान किए । इसके अन्तर्गत 5 राजपत्रित अधिकारियों, 14 रेलकर्मियों को व्यक्तिगत प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक ने कहा कि चिकित्सा कर्मियों ने कोरोना काल में जीवन की परवाह किए बिना, अपना सर्वोत्तम योगदान दिया है। इस योगदान के लिए भोपाल, जबलपुर एवं कोटा मण्डलों के प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को बधाई देता हूँ । पुरस्कार पाने वालों में डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, डॉ. चेम्बाती सतीश, विजय कुमार अग्रवाल, श्री मनोज कुमार गुप्ता अनिल कुमार तथा चिकित्सा कर्मियों में भोपाल मण्डल की श्रीमती रेणू, श्रीमती प्रतिभा वर्मा, कोटा मण्डल के जयपाल सिंह, नासिर खान, के अलावा जबलपुर में कार्यरत श्री विधु रंजन कुमार, श्रीमती शीला सिंह, श्रीमती अभिलाषा कोरी, श्रीमती संध्या, श्रीमती सविता दुबे, रविकांत कौशल, नरेन्द्र गढ़पाल, राजेश कुमार बर्मन, उत्पल बागची, विनोद सिंह सहित 5 सामूहिक पुरस्कारों के तहत 23 स्वास्थ्यकर्मियों को पुरस्कृत किया गया ।

# नगर में चढ़ने लगा चुनावी रंग

**गोटेगांव। मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा विगत दिवस पंचायत चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू की गई है आचार संहिता लागू होने के बाद गोटेगांव शहर का माहौल राजनैतिक हो चला है नगर की हर गली मोहल्ले चौराहा एवं व्यस्ततम मार्गों पर चल रही चाय दुकान पान दुकान होटल खोमचे वाले फल वाले आदि दुकानों पर नगरीय निकाय की चुनावी चर्चा अब आम बात हो गई है।**

सभी लोग बड़ी उत्सुकता के साथ एक दूसरे से चर्चा करते हैं कि इस बार नगर के राजा का ताज किसके सिर पर विराजमान होगा वैसे भी इस बार गोटेगांव नगर पालिका का चुनाव बड़ा कशमकश और मजेदार होगा साथ ही निर्वाचन आयोग के द्वारा दिशा निर्देश के अनुसार ही चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार आगामी दिनों में निकायों का निर्वाचन संपन्न होगा इस बार नगरी निकाय में पार्षद ही अध्यक्ष को चुनेंगे किस के सर पर ताज होगा यह तो भविष्य के गर्त में है लेकिन अभी से लोगों द्वारा कयास लगाए जाने लगे हैं लोगों में बड़ी उत्सुकता है स्मरण हो कि विगत वर्षों से गंभीर बीमारी कोरोना के कारण चुनाव नहीं हो पा रहे थे जिससे नगर पालिका में अध्यक्ष और पार्षद नहीं थे काफी दिनों से नगर की जनता इन चुनाव की प्रतीक्षा कर रही थी परंतु अब वो दिन आ गए हैं नजदीक चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी गोटी फिट करने के चक्कर में लोगों से सलाह मशवरा में जुटे हुए हैं नगर के 15 वार्डों में 15 पार्षद चुने जाना है इस चुनाव के संपन्न होने के बाद ही गोटेगांव शहर की तस्वीर बदल सकती है जिसकी जनता बड़ी प्रतीक्षा कर रही है साथ ही इस बार हमारे संवाददाता ने नगर के कुछ लोगों से बात की और चुनाव के संबंध में पूछताछ करने पर लोगों ने बताया कि इस चुनाव में साफ स्वच्छ छवि रखने वाले और जनता के बीच रहने वाले तथा शहर में अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाले साथ ही लोगों के समय पर कार्य करवाने के लिए वक्त पर काम आने वाले लोगों को और अपने मधुर व्यवहार के कारण जनता का दिल जीतने वाले उम्मीदवार को ही नगर के 15 वार्डों की जनता विजय श्री वरण करायेगी। अलसी और मतलब परस्त उम्मीदवारों से नगर की जनता ने पहले ही दूरी बना रखी है इस बार तो कांटो की टक्कर के बीच जनता का फैसला उम्मीदवार को शिरोधार्य करना ही पड़ेगा अब देखना यह होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा जिस की जनता बड़ी बेसब्री से प्रतीक्षा कर रही है वही उम्मीदवारों के चेहरों पर चिंता की लकीरें अभी से ही दिखलाई देने लगी है किस पार्टी का या के स्थल का अध्यक्ष होगा यह प्रतीक्षा में रहेगा।

# फौहारा चौक पर भरा पानी



**गोटेगांव।** नगर की सुंदरता को चार चांद लगाने वाले अति व्यस्ततम चौराहा फौहारा चौक पर जरा सी बरसात में पानी भर गया जिसका निकासी का साधन नहीं है।स्मरण हो कि प्रति वर्ष यहां चौक पर पानी भरने से जनता को परेशानी हो रही है।पुलिस थाना के समीप और स ?क से लगी बाउंड्रीबाल के कारण पानी बह जाता है नाली नहीं होने से आसपास अपना व्यापार कर रहे व्यापारियों को परेशानी हो रही है।नगर पालिका द्वारा पानी के बहाव के लिये नाली का निर्माण नही कराया गया है जिससे यहां पानी भर जाता है पुलिस थाने की बाउंड्रीबाल और परमहंसी जाने वाले मार्ग फौहारा के आसपास पानी का जमा होना नगर वासियों में जनचर्चा का विषय बना है।उदासीन पालिका के चलते व्यापारियों का व्यापार करना मुश्किल हो रहा है।और साथ ही बस से जाने वाले यात्रियों को भी कठिनाई हो रही है।जब अभी थोडी सी बरसात में यह हाल हैं तो अभी पूरी बारिस बाकी है कहीं जलप्लावन की स्थिति निर्मित होती है तो इसका समाधान कैसे सम्भव है ।शासन प्रशासन एवं सम्बन्धित विभाग ध्यान दे।

# शराब पीकर ग्राम कोटवार की दबंगई



**गोटेगांव**--नगर के समीपी ग्राम बेलखेडी(शेर) में शराब पीकर ग्राम कोटवार की दबंगई का वीडियो शोसल मीडिया पर जमकर हुआ वायरल बड़ी खबर नरसिंहपुर जिले के ग्राम बेलखेड़ी शेढ़ से आ रही है जहां पर ग्राम कोटवार के बेटे जो ग्राम में अपने पिता के ग्राम कोटवार के पद पर पदस्थ हैं जिनका नाम प्रकाश मेहरा है एवं ग्राम कोटवार शराब के नशें में आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं और लोगों को धौंस जमा रहे हैं और कहते हैं मैं ग्राम कोटवार हूं मेरे संपर्क सभी जगह है मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है एवं खुलेआम कह रहे हैं क्या होगा मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है मेरे थाने में भी संपर्क है एवं ग्राम बेलखेड़ी के अमर गोस्वामी ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है एवं उच्च स्तरीय जांच कर बड़ी कार्यवाही होना चाहिए जब ग्राम कोटवार ही खुलेआम शराब पीकर ऐंसा कर रहे हैं एवं जल्द ही माननीय जिला कलेक्टर को भी आवेदन देकर ग्राम कोटवार प्रकाश मेहरा पर कार्यवाही की मांग की जायेगी

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**नरसिंहपुर यभाप्र।** सीएमएचओ डॉ. एके जैन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं निर्धारित 4 प्रकार की जांच, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण और संस्थागत प्रसव के शतप्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति के निर्देश सभी बीएमओ एवं संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये गये। सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 से 14 तक और 15 से 17 वर्ष तक के बच्चों और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को प्रिकॉशन डोज का शतप्रतिशत टीकाकरण करायें। घर-घर सर्वे कर शेष नागरिकों का टीकाकरण कराया जाये। एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों का चिन्हांकन कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जावे। मिशन चिरंजीवी अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हो। कुपोषित बच्चों का पोषण पुनर्वास केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपचार करायें। ग्राम आरोग्य केन्द्रों में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। कार्य योजना बनाकर ग्रामीणों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये।

सीएमएचओ ने निर्देश दिये कि सभी बीएमओ, बीपीएम, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, बीईई एवं सुपरवाईजर पर्यवेक्षक मंगलवार एवं शुक्रवार की भ्रमण रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें और सुपरविजन एप में दर्ज करें। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रगति लाने के निर्देश बैठक में दिये गये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. मुकेश जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एआर मरावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला क्षय अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अपने अस्तित्व को खोता नया बाजार। नगर पालिका उदासीन हुई

**गोटेगांव**– नगर में विगत कई वर्षों से गोटेगांव से लगे आसपास के क्षेत्रों में एवं नरसिंहपुर जिले में गोटेगांव का मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक ख्याति लब्ध नया बाजार दिनोंदिन अपनी बर्बादी पर आंसू बहा रहा है उक्त बाजार जरा सी बारिश में दलदल कर अड्डा बन गया है अब ऐसे में मंगलवार को भरने वाला बाजार मैं बाहर से आए हुए व्यापारी कैसे अपनी दुकान को संचालित करेंगे वैसे भी यह नया बाजार कई वर्षों पहले बहुत बड़ा और विस्तृत रूप मैं फैला था कुछ वर्षों पहले नगर पालिका ने व्यापारियों के लिए दुकान लगाने के लिए कुछ चबूतरे भी बनवा दिए और साथ ही जनता ने भी आसपास बहुत सा अतिक्रमण भी कर लिया है 1 वर्ष में करोड़ों का राजस्व देने वाला गोटेगांव का मंगलवार में भरने वाला नया बाजार बदहाली के कगार पर आ गया है फिर भी संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधि भी इस ओर खामोश बने हैं इस बाजार की दुर्दशा को देखते हुए भी अंजान बने हुए हैं जब यह बाजार अपने अस्तित्व को खो देगा और संकीर्णता में आ जाएगा तब पालिका को लाखों करोड़ों का राजस्व कहां से प्राप्त होगा यह सवाल नगर की जनता एवं आसपास से आने वाले व्यापारियों के दिलों में जन चर्चा का विषय बना है ऐसा नहीं है कि प्रशासन इस और यदि पहल की जाए और जनप्रतिनिधियों का साथ हो तो निश्चित ही रूप से नया बाजार विकास के पथ पर अग्रसर होता चला जाएगा जिसका दूरगामी लाभ नगर पालिका परिषद गोटेगांव को भी होगा एवं नए बाजार की रौनक में चार चांद लग जाएंगे नगर वासियों एवं व्यापारियों ने इस बाजार के सुंदरीकरण कायाकल्प एवं नव निर्माण की व्यवस्था बनाने की अपील की है।

# निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में 3 नामांकन निरस्त

**सिहोरा**– नगर निकाय चुनाव में सोमवार 20 जून की सुबह 10.30 बजे से रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम आशीष पांडे के कक्ष में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रारम्भ की गई । नगर पालिका सिहोरा के पार्षद पद का निर्वाचन ल? रहे अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान वार्ड क्र.9,11,एंव 14 के एक एक अभ्यर्थियों द्वारा समय सीमा में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के कारण नामांकन खारिज किया गया वहीं वार्ड क्रमांक 4 में एक अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दो नामांकन पत्र मे एक ए वी फॉर्म प्रस्तुत करने पर एक नामांकन पत्र निरस्त किया गया। आज से प्रत्याशीयों के नाम वापसी की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी ।

# जिला मुख्यालय सहित विकासखंड की समस्त विद्यालयों में अंतराष्ट्रीय विश्वयोग दिवस आयोजित





**नरसिंहपुर यभाप्र।** विगत दिवस कलेक्टर रोहित सिंह द्वारा आठवें अंतर्राष्ट्रीय विश्वयोग दिवस पर अधिक से अधिक सहभागिता हेतु जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन एवं समस्त प्राचार्यों को निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में जिले के समस्त विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम हेतु प्रातः 6 बजे से सामूहिक योगाभ्यास की तैयारी की गई। इसके उपरांत मुख्यमंत्री के संदेश का बाद प्रसारण स्मार्ट टीवी पर 6.30, 6.45 बजे तक एवं प्रधानमंत्री के संदेश का प्रसारण समय 6.40 से 7 बजे प्रातः निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आठवें अन्तर्राष्ट्रिय विश्वयोग दिवस के कार्यक्रम जिले की शैक्षणिक संस्थाओं पर आयोजित किये गये।

जिला स्तर का मुख्य कार्यक्रम नरसिंह मन्दिर परिसर, असेबली हाल एवं एमएलबी स्कूल में सम्पन्न हुए। नरसिंह मन्दिर परिसर में कलेक्टर रोहित सिंह, मुख्य

## जिले में लगभग 81 हजार ने की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता

कार्यपालन अधिकारी डॉ.सौरभ संजय सोनवणे, जिला खेल प्रभारी देवेश वैद्य, जिला योग प्रभारी देवेन्द्र ढीमोले, व्यायाम शिक्षक पंकज नेमा, आयुष विभाग, पतंजलि योग पीठ की सहभागिता के साथ कार्यक्रम में लगभग 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें एसडीएम स्कूल से 300 छात्राएँ तलापार हा. स्कूल एवं तलापार शा.मा. शाला से 200 बच्चों ने भाग लिया। तलापार के छात्र-छात्राओं ने मंच पर योग किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री द्वारा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन, योजना अधिकारी जी के नायक की उपस्थिति में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य तथा स्टाफ एवं लगभग 258 छात्रों ने भाग लिया। इसमें भी शा. 15 तलापार के छात्रों ने मंच पर योग कराया साथ में विकासखण्ड योग प्रभारी श्रीमती सुमित्रा ठाकुर का सहयोग रहा। एमएलबी स्कूल में संस्था प्राचार्यश्रीमती विनीता पांडे, व्यायाम शिक्षिका सुश्री अजिता वर्मा स्टाप एवं छात्राएँ 300 लगभग में भाग लिया एलएलबी स्कूल में ही चावरा विद्यापीठ के लगभग 50 छात्रों ने खेल शिक्षक राकेश सोनी के साथ में योग के कार्यक्रम में भाग लिया। जिले में लगभग 81 हजार से भी ज्यादा लोगों ने किया एक साथ योगा किया। जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के विकासखण्ड योग प्रभारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के प्रत्येक विद्यालयों मेंजिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन के निर्देशन में योग क्लब प्रभारियों के द्वारा कक्षा 7 वीं से 12वीं तक के छात्रों द्वारा योग कार्यक्रम में सहभागिता दी गई।

विकासखण्ड गोटेगाव से हेमराज दुबे योग प्रभारी ने बताया कि गोटेगाँव में लगभग 13,000 से भी अधिक छात्र छात्राओं ने योग के कार्यक्रम में भाग लिया विकासखण्ड योग प्रभारी नरसिंहपुर श्रीमति सुमित्रा ठाकुर ने बतायाकि नरसिंहपुर विकासखण्ड में लगभग 15,000 हजार छात्र छात्राओं ने योग के कार्यक्रम में भाग लिया। विकासखण्ड योग प्रभारी करेली विवेक मिश्रा ने बताया कि करेली विकास खण्ड में लगभग 13000 हजार लोगों ने योग कार्यक्रम में भाग लिया। विकासखण्ड योग प्रभारी चावरपाठा अजय शर्मा ने बताया कि विकासखण्ड में लगभग 12,000 हजार लोगों ने विकासखण्ड योग प्रभारी चीचली संतोष कुमार कौरव ने बताया कि चीचली विकास खण्ड में लगभग 14000 हजार लोगों ने योग के कार्यक्रम में भाग लिया। विकास खण्ड योग प्रभारी सांईखेड़ा विनय रावत से प्राप्त जानकारी अनुसार सांईखेड़ा विकासखण्ड में लगभग 14000 हजार लोगों ने योग किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन द्वारा जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाने हेतु विधिवत टीम का गठन किया गया था जिसमें विकासखंड योग प्रभारी सहित सहायक विकास खण्ड योग प्रभारी श्रीमती अभिलाषा स्थापक प्रयोग शाला शिक्षक शास. नवीन उमावि मिढवानी पंकज नेमा, व्यायाम निदेशक शास. उमावि डांगीढाना, श्रीमती संयोगिता शिवहरे, माध्य.शि.शास. राघव कृषि उमावि बोहानी श्रीमती विद्या नामदेव, माध्य.शि.शास.उ.मा.वि निवारी पान श्रीमती जया गुप्ता, माध्य. शि.शास रानी अवंती बाई लोधी कन्या हाई स्कूल गोटेगाँव, श्रीमती चित्रा पाण्डेय, माध्य. शिक्षक शास.उ.मावि बसुरिया का सहयोग रहा। विश्व योग दिवस पर समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीएसीएजनशिक्षकों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं, पालकों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# वर्ल्ड कप के लिए इरफान पठान ने लिए चौंकाने वाले फैसले



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। बारिश की वजह से निर्णायक मैच यानी पांचवां टी-20 रद्द कर दिया गया। इस सीरीज के जरिये टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार भारतीय टीम के मनोबल को गिरा सकता था। हालांकि, जिस तरह से भारतीय टीम ने वापसी की और लगातार दो मैच जीतकर सीरीज को बराबर किया, वह काबिले तारीफ रहा। इस सीरीज के बाद कुछ खिलाड़ियों का वर्ल्ड कप टीम में चयन तय माना जा रहा है।

### कोच द्रविड़ और उमरान मलिक

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से दिनेश कार्तिक ने एक अलग ही छाप छोड़ी तो वहीं आवेश खान ने भी अपने प्रदर्शन से फैन्स का दिल जीत लिया। वहीं, इस सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभाल रहे ऋषभ पंत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। पंत की खराब बल्लेबाजी और खराब शॉट सिलेक्शन की वजह से उनकी काफी आलोचना भी हुई है। ऐसे में उनके टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज और मौजूदा समय में कमेंट्री करने वाले इरफान पठान ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी पसंदीदा प्लेइंग-11 चुनी है। इसमें उन्होंने कई चौंकाने वाले फैसले लिए हैं। पठान ने अपनी प्लेइंग-11 में ऋषभ पंत को जगह नहीं दी है। वहीं, उन्होंने दिनेश कार्तिक को पंत की जगह टीम में शामिल किए जाने का समर्थन किया है। ओपनर के तौर पर पठान की पहली पसंद कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल होंगे। वहीं, उन्होंने नंबर तीन पर विराट कोहली को जगह दी है। पठान की टीम में चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव और पांचवें नंबर पर हार्दिक पंड्या को जगह मिली है। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पठान ने ईशान किशन और पंत के ऊपर दिनेश कार्तिक को तरजीह दी है। पठान के मुताबिक छठे नंबर पर फिनिशर का रोल कार्तिक के लिए सही रहेगा। ऑलराउंडर में हार्दिक के अलावा पठान ने रवींद्र जडेजा को भी जगह दी है। सातवें नंबर पर जडेजा बल्लेबाजी करते दिखेंगे। इसके अलावा स्पेशलिस्ट स्पिनर के तौर पर युजवेंद्र चहल को जगह दी है। तेज गेंदबाज के तौर पर पठान ने प्लेइंग-11 में हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह को शामिल किया है। ऋषभ पंत के अलावा इरफान पठान ने भारत की प्लेइंग इलेवन में उमरान मलिक को भी जगह नहीं दी है। इस साल टी-20 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है। इसका आगाज 16 अक्तूबर से होगा। भारतीय टीम अपने पहले मैच में 23 अक्तूबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी। **( एजेंसी )**

# खत्म हुई ऑलराउंडर की समस्या ओपनिंग-तेज गेंदबाजी के बैकअप तैयार



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खत्म हो चुकी है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच दक्षिण अफ्रीका ने जीते थे, जबकि बाद के दो मैच भारत के नाम रहे। आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया और सीरीज दो-दो की बराबरी पर छूट गई। भारत के पास आखिरी मैच जीतकर पहली बार दक्षिण अफ्रीका से अपने घर में टी20 सीरीज जीतने का मौका था, लेकिन बारिश के चलते ऐसा नहीं हो पाया। यह सीरीज भले ही टीम इंडिया न जीत पाई हो, लेकिन टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से यह सीरीज अहम थी और भारतीय टीम की कई समस्याओं के जवाब इस सीरीज में मिले हैं। भारत की ओपनिंग जोड़ी से लेकर दिनेश कार्तिक और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों ने इस सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया और टी20 टीम में जगह बनाने के लिए दावेदारी पेश की। यहां हम बता रहे हैं कि इस सीरीज से भारत को क्या हासिल हुआ।

ओपनिंग के बैकअप तैयार टी20 विश्व कप में केएल राहुल और रोहित शर्मा की जोड़ी भारत के लिए पारी की शुरुआत करेगी, लेकिन किसी भी एक खिलाड़ी के चोटिल होने ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ उनकी जगह लेने के लिए तैयार हैं। ईशान किशन इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पांच पारियों में 41.20 के औसत से 206 रन बनाए। वहीं, ऋतुराज ने पांच पारियों में ही 96 रन बनाए, लेकिन वो बेहतरीन लय में दिखे। हार्दिक पांड्या ने अपना आईपीएल वाला फॉर्म इस सीरीज में भी जारी रखा और तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने चार पारियों में 58.50 के औसत और 153.95 के स्ट्राइक रेट से 117 रन बनाए। हार्दिक के टीम में वापस आने से ऑलराउंडर की समस्या खत्म हो गई है। उनके न रहने पर वेंकटेश अय्यर को मौका दिया गया था, लेकिन अब अय्यर को मौका मिलना मुश्किल है। इस सीरीज में दिनेश कार्तिक ने कमाल का प्रदर्शन किया और उनका टीम इंडिया में आना सबसे सुखद बात रही। **( एजेंसी )**

# अभिमन्यु की शॉकिंग एंट्री से लेकर रिया के जबरदस्त खुलासे तक

बड़े पर्दे की तरह ही छोटे पर्दे के सेट पर भी लाइट्स.......कैमरा और एक्शन की आवाजें सुनाई देती है। आज कल फिल्मों की तरह ही टीवी सीरियल्स बहुत ही रंगीन, एक्शन और ट्विस्ट से भरपूर होते जा रहे हैं। इन्हें भी लोग उतना ही देखना पसंद करते हैं, जितना की सिनेमाघरों में फिल्मों को इनके कलाइमैक्स को भी बहुत ही रोचक और मनोरंजक बनाया जाता है। किसी में लीप तो किसी में बिजनेस हथियाने की कोशिश दिखा मेकर्स लोगों को अपनी तरफ खींचते हैं और हम आम लोग खींचते भी हैं। ऐसा ही कुछ सबके पसंदीदा सीरियल %अनुपमा% में देखने को मिल रहा है, जहां अनुज का भाई उसकी संपत्ति हथियाने यूएस से वापस लौटा है। इसके साथ ही हफ्ते टॉप पांच सीरियल्स में भी लगातार धमाकेदार चीजें हो रही हैं। स्टार प्लस के मोस्ट पॉपुलर शो %अनुपमा% में इस समय अनुपमा का नया परिवार और उनसे जुड़ी बातें दिखाई जा रही हैं। आज के एपिसोड की शुरुआत बरखा के अनु से उसके काम यानी डांस अकेडमी को लेकर सवाल जवाब करने से होती है। बरखा को यह बात हजम नहीं हो रही है कि इतने बड़े बिजनेस मैन अनुज कपाड़िया की पत्नी होने के बाद भी अनु काम क्यों कर रही है। वह अनु पर तीरों की तरह सवालों की बौछार कर देती है लेकिन अनु बिना घबराए अपना नजरिया उसे समझाती है। जहां एक तरफ अनुपमा बरखा को मुंह तोड़ जवाब देती है, वहीं दूसरी तरफ शाह हाउस में वनराज समर को नौकरी करने के लिए समझाता नजर आता है। **( एजेंसी )**



# टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली के 11 साल पूरे

### वीडियो पोस्ट कर बताया कैसा रहा अब तक का सफर



भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने 11 साल पहले आज के दिन यानी 20 जून को ही टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। विराट ने अपना पहला टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका के किंग्सटन में खेला था। अपने पहले टेस्ट की दो पारियों में कोहली ने चार और 15 रन बनाए थे।

कोहली भारतीय बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्होंने जब से नियमित तौर पर टेस्ट खेलना शुरू किया, तब से नंबर चार के बल्लेबाजी स्लॉट को अपना बना लिया। कोहली टेस्ट में भारत के सबसे सफल कप्तान हैं। टेस्ट में 11 साल पूरे करने के बाद कोहली ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें कोहली ने बतौर कप्तान और खिलाड़ी जो भी उपलब्धि हासिल की है, उसके बारे में बताया है। इसके कैप्शन में कोहली ने लिखा- टाइम फ्लाइज (समय बदलता है)। 33 वर्षीय कोहली ने अपने करियर में अब तक 101 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 49.95 की औसत से 8,043 रन बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 254 रन है। कोहली फिलहाल खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने नवंबर 2019 के बाद से किसी भी फॉर्मेट में शतक नहीं लगाया है। कोहली ने आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में डे-नाइट टेस्ट में शतक जड़ा था। कोहली ने इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारत के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। विराट कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तानों में से एक हैं। उन्होंने 68 मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी की है। इसमें से 40 टेस्ट में जीत हासिल की है। कुल मिलाकर कोहली केवल ग्रीम स्मिथ, एलन बॉर्डर, स्टीफन फ्लेमिंग, रिकी पोंटिंग और क्लाइव लॉयड के बाद टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में छठे सबसे सफल कप्तान हैं। कोहली अब इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में खेलते नजर आएंगे। **( एजेंसी )**

# जमकर हो रहे ट्रोल







## सेल्फी लेने के लिए पास बैठा ग्राउंड्समैन तो ऋतुराज ने किया इशारा



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के आखिरी मैच का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ का है। वीडियो सामने आने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कई लोग तो उन्हें टीम इंडिया से बाहर करने की बात भी कह रहे हैं। वायरल वीडियो में ऋतुराज एक ग्राउंड्समैन के साथ सेल्फी लेने से मना कर रहे हैं। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद ऋतुराज लगातार ट्रोल किए जा रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मैच निर्णायक था, लेकिन बारिश की वजह से यह मैच पूरा नहीं हो सका। अंत में यह मैच रद्द करना पड़ा और सीरीज दो-दो की बराबरी पर छूट गई। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 28 रन बनाए थे। इसके बाद बारिश आ गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया। **( एजेंसी )**

# बॉक्स ऑफिस किंग बने कार्तिक आर्यन

## क्या जुग जुग जियो देगी भूल भुलैया 2 को कड़ी टक्कर?





सोमवार को बॉक्स ऑफिस टेस्ट में जहां कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 अच्छे अंकों के साथ पास हुई है। वहीं शिल्पा शेट्टी की %निकम्मा% का बुरा हाल है। 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी कमल हासन की फिल्म %विक्रम% अब 400 करोड़ के क्लब में एंट्री लेने वाली रही है। वहीं बुधवार को रिलीज होने वाली %जुग जुग जियो% की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट सामने आ गई है। यदि आप इन साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की अब तक की कमाई के बारे में जानना चाहते हैं बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री कियारा आडवाणी की फिल्म भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। नवीनतम रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 262.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। बता दें कि यह अब तक की सबसे सफल हॉरर कॉमेडी फिल्मों में से एक है। भूल भुलैया का सीक्वल दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। यही कारण है कि फिल्म ने 32वें दिन एक करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसके साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 182.91 करोड़ रुपये के पार चला गया है। निकम्मा, सिनेमाघरों में दर्शकों को आकर्षित करने में असफल हो रही है, और इसका असर इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर साफ नजर आ रहा है। अपने पहले वीकेंड पर कुल 1.51 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली निकम्मा ने चौथे दिन कुल 1.61 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। यानी फिल्म ने चौथे दिन केवल 10 लाख रुपये की कमाई की है। राणा दग्गुबाती और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म %विराट पर्वम% 17 जून 2022 को दुनिया भर में रिलीज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने चार दिनों में कुल 3.76 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। यानी फिल्म ने चौथे दिन 40 लाख रुपये की कमाई की है। कमल हासन की %विक्रम% की रफ्तार धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिखा रही है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है और अब 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने जा रही है। हिंदी बेल्ट की बात करें तो सोमवार को फिल्म ने 30 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। जिसके साथ इसके हिंदी संस्करण का कुल कलेक्शन 7.82 करोड़ रुपये हो गया है। अदिवि शेष अभिनीत मेजर, संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित है। शशि किरण द्वारा निर्देशित फिल्म में शोभिता धूलिपाला, प्रकाश राज, रेवती नायर, सई मांजरेकर और मुरली शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। नवीनतम रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेजर ने अब तक दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 31.90 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन कर लिया है।

रक्षित शेट्टी अभिनीत फिल्म %777 चार्ली% बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। कम बजट में फिल्म बनी इस फिल्म ने सिर्फ 10 दिन के भीतर 59 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। सात दिन के भीतर 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बाद और अब 11वे दिन फिल्म ने कुल 59.5 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। वरुण धवन, कियारा आडवाणी, नीतू कपूर और अनिल कपूर अभिनीत फिल्म 'जुग जुग जियो' 22 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह पहले 10 करोड़ रुपये का कारोबार कर पाएगी। **( एजेंसी )**





# एडवांस बुकिंग में वरुण और कियारा की फिल्म

देश की राजधानी दिल्ली पहुंची करण जौहर की फिल्म 'जुग जुग जियो' के सितारों की बरात पहले से तय इंटरव्यूज कैंसिल करके हबड़-तबड़ में कोलकाता के लिए उड़ चली है। फिल्म के सितारे देश के तमाम राज्यों में वहां के स्वादिष्ट पकवानों और पेय पदार्थों के मजे लेते घूम रहे हैं। फिल्म के गाने के पाकिस्तानी गाने की नकल होने और फिल्म की कहानी के भी चोरी के होने के आरोप लग रहे हैं। फिल्म की रिलीज से पहले इसका प्रचार जोरदार रहे, लोगों को पता चले कि अरसे बाद बॉक्स ऑफिस पर कोई धमाल कॉमेडी फिल्म आ रही है, इसी कोशिश में फिल्म के सितारों की टीम लगी हुई है लेकिन बीते महीने भर से चल रही इस उठा पटक का नतीजा बॉक्स ऑफिस पर क्या निकलता दिख रहा है, चलिए आपको बताते हैं... फिल्म 'जुग जुग जियो' एक पंजाबी परिवार की कहानी है जिसमें एक शादी होने वाली है। घर का बेटा विदेश में अपनी पत्नी के साथ रहता है। दोनों की पटती नहीं है और दोनों तलाक के लिए राजी भी हैं। दोनों की मंशा है कि घर पहुंचकर इसके बारे में आराम से घरवालों से बात की जाए लेकिन भारत लौटते ही उन्हें पता चलता है कि घर में एक और तलाक की तैयारी पहले से है। फिल्म 'जुग जुग जियो' में वरुण धवन का किरदार अनिल कपूर और नीतू कपूर के बेटे का है। कियारा उनकी पत्नी बनी हैं। फिल्म के निर्देशक राज मेहता इसके पहले पंजाबी पृष्ठभूमि की ही एक और फिल्म 'गुड न्यूज' भी धर्मा प्रोडक्शंस के लिए बना चुके हैं।पंजाबी पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'जुग जुग जियो' का ट्रेलर लॉन्च होते ही इस पर आरोप लग चुका है कि इसमें इस्तेमाल किया गया गाना 'नच पंजाबन' एक पाकिस्तानी गाने की नकल है। फिल्म का म्यूजिक टी सीरीज रिलीज कर रही है, उसके मुताबिक इस गाने को फिर से बनाने के लाइसेंस उन्होंने हासिल कर रखे हैं। हालांकि, गाने के मूल गायक ने इस गाने पर अपना अधिकार अब तक नहीं छोड़ा है। फिल्म की कहानी भी चोरी के होने के आरोप लगे हैं और रिलीज से पहले इसकी झारखंड की एक अदालत में स्क्रीनिंग के आदेश भी दिए गए हैं। **( एजेंसी )**

# शहपुरा में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी का अपहरण

## विधायक ने रात में घेरा थाना




**जबलपुर, यशभारत। शहपुरा नगर परिषद के चुनाव में अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। दरअसल एक पार्षद उम्मीदवार ने कांग्रेस का नामांकन दाखिल किया और दोपहर तक कांग्रेस नेताओं के संपर्क में था लेकिन शाम होते ही वह भाजपा नेताओं के संपर्क में आ गया।**

यही नहीं कांग्रेस नेता उसके घर पहुंचे और अन्य जगह तलाश किया तो वह गायब मिला। इसको लेकर बरगी विधायक संजय यादव ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार की देररात शहपुरा थाने का घेराव किया। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को प्रलोभन देकर उसे अपने पक्ष में लिया है और उससे मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। विधायक संजय यादव ने शहपुरा थाने में धरना देते हुए बताया कि अशोक बर्मन की पत्नी शहपुरा नगर परिषद के वार्ड नंबर 5 से कांग्रेस प्रत्याशी अनीता बर्मन के पति अशोक बर्मन अचानक ही गायब हो गए। जिसकी सूचना लगते ही कांग्रेस विधायक संजय यादव अपने समर्थकों के साथ शहपुरा थाने पहुंचे। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने दवाब बनाने के लिए उनके प्रत्याशी के पति का अपहरण कर लिया है। कांग्रेस विधायक संजय यादव ने शहपुरा में हुई घटना को लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत भी करवाया। साथ ही उन्होंने कहा कि शहपुरा थाना प्रभारी को हटाया जाए। प्रत्याशियों की जान को खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने प्रत्याशियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की।




## कलेक्टर ने लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण किया

# गरीबों को फार्म जमा करने में परेशानी न हो बाहरी लोग न दिखें

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी ने लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने लोकसेवा केंद्र में पदस्थ स्टाफ को दो टूक निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र पहुंचने वाले गरीब या अन्य किसी व्यक्ति को फार्म संबंधी किसी भी तरह की परेशानी न हो। लोक सेवा केंद्र में बाहरी व्यक्तियों को आना पूरी तरह से निषेध किया जाए। देखने में आ रहा है कि जिन लोगों का काम नहीं होता है वह भी लोक सेवा केंद्र में घूमते रहते हैं। बाहरी व्यक्ति लोकसेवा केंद्र में नजर आएंगे तो इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। लोक सेवा केंद्र में अधिवक्ताओं को देखे जाने के बाद कलेक्टर ने सभी से कहा कि वकीलों के लिए एक अलग स्थान बनाया गया है। सभी अधिवक्तागण उसी स्थान पर बैठकर अपना कार्य करें। इस दौरान अधिवक्ताओं को कलेक्टर ने कार्यालय में आकर बात करने की बात कही।

## कोतवाली में मनिहारी व्यापारी को फोन कर मांगी अड़ीबाजी

## कहा- एक खोखा दो नहीं तो जान से जाओगे

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यापारी को फोन कर दबंगों ने अड़ीबाजी की डिमांड की। आरोपियों ने व्यापारी को धमकी दी है कि यदि रुपये नहीं दिए तो जान से जाओगे। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर, सरगर्मी से आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विवेक चावला पिता गिरधारी लाल चावला 26 साल ने बताया कि वह आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड थाना गोरखपुर का निवासी है। उसकी गलगला में मनिहारी की दुकान है। देर रात एक मोबाइल नंबर से कॉल आया और दबंग ने रुपयों की डिमांड कर धमकाया कि यदि रुपये नहीं दिए तो जान से खत्म कर दिए जाओगो। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गढ़ा में चला हाई बोल्टेज ड्रामा

## बहू को घोंपा चाकू, सास को पेट में मारी लात

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गढ़ा के सूपाताल में पुरानी रंजिश को लेकर हाई बोल्टेज ड्रामा चला। सास के साथ खड़ी बहू से गालीगलौच कर, आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया और जब सास ने बीच बचाव किया तो उसको भी नहीं बख्शा और पेट में लात मारकर उसे भी बुरी तरह घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस



ने मामला दर्ज कर, आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार विद्याबाई कोरी 42 वर्ष निवासी सूपाताल ने पुलिस को बताया कि वह घर के पास अपनी सास कुसुम बाई के साथ खड़ी थी ,तभी सौरभ झारिया शराब के नशे में आया और गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो सौरभ ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। उसकी सास बीच बचाव करने लगी तो सास को पेट में चोट पहुंचाकर आरोपी मौके से फरार हो गया।






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )